"बिजनेस पोस्ट के अन्तर्गत डाक शुल्क के नगद भुगतान (बिना डाक टिकट) के प्रेषण हेतु अनुमत. क्रमांक जी.2-22-छत्तीसगढ़ गजट / 38 सि. से. भिलाई. दिनांक 30-05-2001."

पंजीयन क्रमांक
"छत्तीसगढ़/दुर्ग/09/2013-2015."

छत्तीसगढ़ राजपत्र

(असाधारण)
प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 252] रायपुर, मंगलवार, दिनांक 25 जून 2024 — आषाढ़ 4, शक 1946

उच्च शिक्षा विभाग
मंत्रालय, महानदी भवन, नवा रायपुर अटल नगर

अटल नगर, दिनांक 14 जून 2024

अधिसूचना

क्रमांक एफ 3–1/2018/38–2. – छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग, रायपुर के पत्र क्रमांक 585/पी.यू./एस.एण्ड ओ./2008/20035, दिनांक 16–04–2024 द्वारा डॉ. सी.व्ही. रमन विश्वविद्यालय, करगी रोड, कोटा, बिलासपुर के अनुगामी अध्यादेश क्रमांक 128 से 136, 138, 139 एवं संशोधित अध्यादेश क्रमांक 93 एवं 119 का अनुमोदन छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय (स्थापना एवं संचालन) अधिनियम, 2005 की धारा 29(2) के तहत् किया गया है।

2/ राज्य शासन, एतद्द्वारा, उपरोक्त अध्यादेशों को राजपत्र में अधिसूचित किये जाने की स्वीकृति प्रदान करता है।

3/ उपरोक्त अध्यादेश राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से प्रभावशील होंगे।

छत्तीसगढ़ के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
आर.पी. पाण्डेय, उप–सचिव.

डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

अध्यादेश क्र. 128

प्रदर्शन और ललित कला में स्नातक कार्यक्रम

1. सामान्य :

यह अध्यादेश, कला संकाय के अंतर्गत इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत तद्नुसार प्रदर्शन और ललित कला में 3 या 4 वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पर लागू होगा।

"प्रदर्शन और ललित कला, कला के दृश्य कार्यों का अध्ययन और निर्माण है। यह नृत्य, संगीत, ललित पेंटिंग, फोटोग्राफी, वास्तुकला, मिट्टी के बर्तनों, वैचारिक कला, मूर्तिकला, संगीत, प्रिंटमेकिंग, फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, कविता और साहित्य और नाटक के रूप में हो सकेगा।

प्रदर्शन और ललित कला में स्नातक की उपाधि को बैचलर ऑफ फाईन आर्ट्स (संक्षिप्त में बीएफए), बैचलर ऑफ विजुअल आर्ट्स (संक्षिप्त में बीवीए), बैचलर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (संक्षिप्त में बीपीए), बीए (ललित कला), बीए (दृश्य कला), बीए (प्रदर्शन कला) के रूप में चुने गए विषय के अनुसार संदर्भित किया जा सकेगा, जो कि एक स्नातक अथवा प्रदर्शन और ललित कला में तीन/चार वर्ष की स्नातक डिग्री है। यह डिग्री, भारत में प्रदर्शन और ललित कला वृति के अभ्यास के लिए एक अर्हक उपाधि है।

यदि कार्यक्रम के संचालन के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुशंसित मानदंड या नियम एवं विनियम में कतिपय विकल्पों की अपेक्षा हो, तो कुलपति का विनिश्चय अंतिम होगा।

2. पात्रता :

2.1 किसी भी मान्यता प्राप्त स्कूल शिक्षा बोर्ड से किसी भी विषय में वरिष्ठ माध्यमिक प्रमाणपत्र परीक्षा (10+2) या यूजीसी/राज्य सरकार द्वारा जैसा भी निर्धारित हो।

या

10वीं के बाद कम से कम 2 साल की अवधि का संबंधित प्रदर्शन और ललित कला स्ट्रीम में समकक्ष डिप्लोमा या प्रमाणपत्र या यूजीसी/राज्य सरकार द्वारा जैसा भी निर्धारित हो।

और

2.2 प्रवेश उन छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा, जिन्होंने अपने स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/जिला/राज्य, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता/कार्यक्रम या किसी अन्य समकक्ष मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता/कार्यक्रम में भाग लिया हो और उसका प्रतिनिधित्व किया हो। एनसीसी/एनएसएस/राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन में भागीदारी/राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार/किसी भी मान्यता प्राप्त संगठन से कोई अन्य वैध समकक्ष प्रमाण पत्र/पुरस्कार धारक हो।

3. प्रवेश :

3.1 विश्वविद्यालय, प्रत्येक चक्र की प्रारंभ होने से पहले समाचार पत्रों में, विश्वविद्यालय के सूचना पटल और अन्य प्रचार मीडिया में प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा।

3.2 इस कार्यक्रम में, या तो योग्यता के आधार पर (जो कि विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित किया जायेगा) योग्यता परीक्षा में, या इस उद्देश्य के लिए आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में, जैसा और जब आवश्यक हो, प्रवेश दिया जाएगा।

3.3 प्रवेश के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची विभागीय नोटिस बोर्ड, वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी अथवा विद्यार्थियों को सीधे उनके प्रवेश की सूचना दी जाएगी।

3.4 उम्मीदवार, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं, वे भी आवेदन कर सकेंगे। तथापि, ऐसे उम्मीदवारों को कटऑफ तिथि से पहले अपेक्षित पात्रता मानदंड के प्रमाण के रूप में मार्क शीट/डिग्री प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, प्रस्तुत करने में विफल रहने पर, प्रदान की गई अनंतिम प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।

3.5 निम्नलिखित में से किसी भी कारण से आवेदन पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है:

3.5.1 उम्मीदवार, पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हों।

3.5.2 फीस संलग्न नहीं हो।

3.5.3 जहां कहीं आवश्यक हो, आवेदन पत्र पर उम्मीदवार और उसके माता–पिता अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गये हों।

3.6 सभी आवश्यक दस्तावेजों और आवश्यक शुल्क के सत्यापन और जमा करने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पंजीकरण संख्या दी जाएगी।

3.7 विद्यार्थियों के विभिन्न वर्गों को प्रवेश, संबंधित अध्यादेश के अनुसार दिया जायेगा।

4. **सीटें** : प्रारंभ में 60 सीटें। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की अनुशंसा के अनुमोदन से सीटें बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को सूचित करेगा।

5. **फीस** : कार्यक्रम की फीस विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट) और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (सीजीपीयूआरसी) के अनुमोदन से तय की जाएगी।

6. **माध्यम** : शिक्षण और परीक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी/क्षेत्रीय भाषा हो सकता है। कोर्स को, नियमित रूप से पढ़ाया जाएगा। नियमित सैद्धान्तिक (थ्योरी) एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कक्षाएं, फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट वर्क संचालित किया जाएगा, जिसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

7. **कार्यक्रम की अवधि और संरचनाः**

डिग्री कार्यक्रमों की संरचना और अवधि को तदनुसार समायोजित किया जाएगा। स्नातक डिग्री, 3 या 4 वर्ष की अवधि की होगी, जिसमें इस अवधि के भीतर बहु प्रवेश और बहु निकास (यूजीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार) विकल्पों के साथ, उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ, उदाहरण के लिए, व्यावसायिक और वृतिक क्षेत्रों सहित किसी संकाय या क्षेत्र में 3 माह/ 6 माह पूरा करने के बाद (तदनुसार अवधि समायोजित की जाएगी), या 1 वर्ष पूरा करने के बाद डिप्लोमा, या 2 वर्ष के अध्ययन के बाद एक एडवांस डिप्लोमा, या 3 वर्ष के पाठ्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री का प्रमाण पत्र शामिल है। तथापि, यह 4–वर्षीय बहु–विषयक स्नातक पाठ्यक्रम, पसंदीदा विकल्प होगा, क्योंकि यह विद्यार्थियों की पसंद के अनुसार चुने हुए प्रमुख और गौण पर ध्यान देने के अलावा समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने का अवसर देता है।

4–वर्षीय पाठ्यक्रम, 'सम्मान के साथ' या 'अनुसंधान (शोध) के साथ' डिग्री प्राप्त करने हेतु अग्रणी भी हो सकेगा, यदि विद्यार्थी, विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार अध्ययन के उनके प्रमुख क्षेत्रों में कठिन अनुसंधान (शोध) योजना पूर्ण करता है।

8. स्थानांतरित उम्मीदवार :

किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान से स्थानांतरित उम्मीदवार, प्रदर्शन और ललित कला में स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होंगे, बशर्ते संबंधित शाखा के अध्ययन बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई हो।

9. शिक्षण सत्र :

सामान्य तौर पर प्रत्येक वर्ष, प्रथम, तृतीय और पंचम (विषम) सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, जुलाई से दिसंबर के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी, और द्वितीय, चतुर्थ और छष्टम (सम) सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, प्रत्येक वर्ष जनवरी से जून के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी।

शैक्षणिक सत्र जनवरी–दिसम्बर के लिए, प्रत्येक वर्ष, प्रथम सेमेस्टर के शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान निरंतर संचालित होगी तथा द्वितीय सेमेस्टर, जुलाई से दिसम्बर के दौरान निरंतर संचालित होगी।

9.1 प्रत्येक सेमेस्टर में मानदण्ड के अनुरूप शिक्षण दिया जायेगा।

9.2 उम्मीदवार, अपने सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ है, की परीक्षा समाप्त होने के बाद उच्च सेमेस्टर कक्षा में अपना अध्ययन अनंतिम रूप से जारी रख सकेगा। तथापि, उसकी पात्रता का मूल्यांकन, खंड 10.5 के अनुसार, सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ था, के परिणाम घोषित होने के बाद ही किया जाएगा।

9.3 अधिकतम अवधि– यह स्नातक कार्यक्रम, तद्नुसार अधिकतम 5 वर्ष/6 वर्ष की अवधि की होगी।

9.4 शिक्षण की ईकाई प्रणाली – प्रत्येक कार्यक्रम का पाठ्यक्रम इकाइयों में विभाजित किया जाएगा। सैद्धांतिक (थ्योरी) परीक्षा के प्रश्नपत्रों में, प्रश्नपत्र की संरचना के अनुसार प्रत्येक इकाई से प्रश्न होंगे।

9.5 मापन की ईकाइयाँ– सभी शिक्षण और प्रश्न पत्र सेटिंग, अध्ययन मंडल और परीक्षा मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार की जाएंगी।

9.6 व्यावसायिक प्रायोगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप/फिल्ड वर्क/प्रोजेक्ट वर्क– प्रत्येक विद्यार्थी को, अवकाश के दौरान, अध्ययन मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार व्यावसायिक प्रायोगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप/फिल्ड वर्क/प्रोजेक्ट वर्क पूरा करना अनिवार्य है।

9.7 शिक्षण की योजना– इस स्नातक कार्यक्रम के लिए डॉ. सी. वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित अनुसार, पाठ्यक्रम के साथ–साथ विभिन्न सेमेस्टरों के लिए शिक्षण और परीक्षा की योजना का पालन किया जाएगा।

9.8 उपस्थिति – किसी भी सेमेस्टर परीक्षा के लिए नियमित विद्यार्थी के रूप में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार को, अध्ययन कार्यक्रम के प्रत्येक कोर्स में पृथक–पृथक से आयोजित व्याख्यान (लेक्चर), प्रायोगिक (प्रेक्टिकल), अनुशिक्षण (ट्यूटोरियल) कक्षाओं, परियोजना और फिल्ड कार्य में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति देना आवश्यक है। 15 प्रतिशत तक की कमी को डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा संतोषजनक कारणों से क्षमा किया जा सकेगा।

9.9 असाधारण लंबी अनुपस्थिति– यदि कोई विद्यार्थी, इस विश्वविद्यालय के कला संकाय की शैक्षणिक/पाठ्यक्रम एवं सह–पाठयक्रम गतिविधियों में, लगातार दो वर्ष से अधिक समयावधि तक, भाग नहीं लेता है, तो उसे न तो बाद की किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और न ही उसे किसी सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा या न ही पदोन्नत किया जायेगा, तथा वह इस विश्वविद्यालय के साथ–साथ स्नातक कार्यक्रम का विद्यार्थी भी नहीं रहेगा। यहाँ शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने से अभिप्रेत है, नियमित विद्यार्थी होने के लिए व्याख्यान, अनुशिक्षण, प्रायोगिक में उपस्थित होना, मुख्य या बैकलॉग परीक्षा में शामिल होना आदि। चिकित्सा आधार पर परिसर से अनुपस्थिति, 3 महीने से अधिक अवधि के अंतराल पर या माननीय कुलपति द्वारा तय किए गए अनुसार अवकाश आवेदनों के साथ समर्थित होना चाहिए।

10. परीक्षाएं :

10.1 सीवीआरयू द्वारा आयोजित प्रत्येक सेमेस्टर में अंतिम सेमेस्टर परीक्षा (ईएसई) होगी। परीक्षा में उस सेमेस्टर की परीक्षा की योजना के अनुसार सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र (थ्योरी पेपर), प्रयोगशाला प्रायोगिक (लेबोरेटरी प्रैक्टिकल), परियोजना

कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) और वाइवा–वॉयस शामिल होंगे। सेमेस्टर परीक्षा सामान्यतः विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएगी।

10.2 प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में एक पूर्ण परीक्षा होगी, जिसमें सभी सेमेस्टर के थ्योरी पेपर, लेबोरेटरी प्रैक्टिकल और परियोजना कार्य सम्मिलित होंगे।

10.3 परीक्षा की अवधि, 25 कार्य दिवसों से अधिक नहीं होनी चाहिए या माननीय कुलपति द्वारा तय किये गए अनुसार।

10.4 किसी विशेष सेमेस्टर में उपस्थिति की कमी के कारण रोके गए उम्मीदवार को, नियमित उम्मीदवार के रूप में उसी सेमेस्टर को दुबारा करना होगा।

10.5 यदि उम्मीदवार सेमेस्टर के कोर्स में कम से कम 40 प्रतिशत कोर्स में अर्हता प्राप्त करता है तो उसे अगले सेमेस्टर में पदोन्नत किया जाएगा। एक असफल उम्मीदवार संबंधित भाग में या पूरी परीक्षा में, जैसा भी मामला हो, बाद की परीक्षाओं में एटी/केटी छात्र के रूप में दोबारा उपस्थित हो सकता है।

10.6 अंतिम सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी परीक्षा प्रारंभ होने से 15 दिन पहले या विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार घोषित की जानी चाहिए।

10.7 तैयारी अवकाश – प्रत्येक सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा से पूर्व या सीवीआरयू द्वारा प्रकाशित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार केवल लगभग 10 दिनों का तैयारी अवकाश दी जायेगी।

10.8 अग्रनयन (कैरीओवर)– किसी उम्मीदवार को उच्च सेमेस्टर में एक सेमेस्टर के सभी कोर्स, अर्थात् थ्योरी और प्रेक्टिकल को अग्रनयन करने की अनुमति दी जाएगी, उसे केवल उन कोर्सेस (थ्योरी और प्रेक्टिकल) में आगामी ईएसई उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसमें उसे डब्ल्यूएच या एफएफ ग्रेड प्रदान किया गया था।

10.9 यदि कोई उम्मीदवार किसी एक या अधिक टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में अनुत्तीर्ण हो रहा है, तो वह टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में फिर से उपस्थित होने के लिए पात्र होगा।

10.10 परीक्षा की रीति, परिस्थितियों को देखते हुए, (ऑनलाईन/ऑफलाईन) होगी।

10.11 डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा, विश्वविद्यालय के संबंधित प्राधिकारी द्वारा परिभाषित मानदण्ड और प्रकिया के अनुसार, समय समय पर, परीक्षा केन्द्रों को अधिसूचित किया जायेगा।

11. क्रेडिट/ग्रेड प्रदान करना और परीक्षा योजना

11.1.1 इकाइयों और समकक्ष क्रेडिट के संदर्भ में इसके अधिभार के साथ–साथ प्रत्येक कोर्स, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित किया जाएगा और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। किसी भी सेमेस्टर के दौरान, केवल स्वीकृत कोर्सेस की पेशकश की जा सकेगी।

(एक) प्रत्येक घटक के लिए अधिभार (वेटेज)/अंकों का वितरण, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

(दो) संबंधित अध्ययन मंडल/परीक्षा मंडल/संकायों द्वारा और अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदित अनुसार, एक छात्र को कोर्स में उसके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ट्यूटोरियल कार्य, प्रैक्टिकल, होम असाइनमेंट, क्लास टेस्ट मिड–सेमेस्टर टेस्ट, फील्ड वर्क, सेमिनार, क्विज़, एंड–सेमेस्टर परीक्षाओं और नियमितता के माध्यम से, जैसा कि प्रस्तावित है, लगातार मूल्यांकन किया जाएगा।

11.1.2 डिग्री प्रदान करने और उच्च सेमेस्टर में पदोन्नत करने के लिए न्यूनतम **संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए)**, 5.0 आवश्यक है।

(एक) कार्यक्रम के किसी विशेष कोर्स को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम आवश्यक ग्रेड "डी" है। हालांकि, उम्मीदवार को कोर्स के सैद्धांतिक और व्यावहारिक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं के बाहरी और आंतरिक घटकों में अलग से न्यूनतम ग्रेड "डी" अंक प्राप्त करना चाहिए। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए संस्थान के बाहर से एक बाहरी परीक्षक हमेशा मौजूद रहेगा।

(दो) यदि किसी उम्मीदवार ने लागू वर्ष के सभी कोर्सेस को उत्तीर्ण कर लिया है, किन्तु आवश्यकता के अनुसार, न्यूनतम **सीजीपीए, 5.0** प्राप्त करने में असफल रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार को, आगामी परीक्षा (किसी कोर्स के थ्योरी और प्रैक्टिकल को अलग–अलग विषयों के रूप में माना जाएगा।)

में, **अधिकतम तीन थ्योरी और प्रैक्टिकल विषयों** में पुनः उपस्थित होकर, अपेक्षित ग्रेड पॉइंट में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी ।

(तीन) उपरोक्त खंड (दो) के प्रावधान के अलावा, किसी उम्मीदवार को, उस परीक्षा में डिवीजन/ग्रेड में सुधार के लिए या किसी अन्य उद्देश्य के लिए पुनःउपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) थ्योरी ब्लॉक

(एक) उपस्थिति, योग्यता और अनुशासन	– 20 प्रतिशत
(दो) क्लास टेस्ट/असाइनमेंट/क्विज (प्रश्नोत्तरी)	– 10 प्रतिशत
(तीन) माइनर (मध्य–सेमेस्टर परीक्षा(एक))	– 20 प्रतिशत
(चार) माइनर (अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा)	– 50 प्रतिशत
कुल	– 100 प्रतिशत

(ख) प्रैक्टिकल ब्लॉक

(एक) लैब कार्य और प्रदर्शन, क्वीज (प्रश्नोत्तरी), असाइनमेंट और उपस्थिति	50 प्रतिशत
(दो) अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा	50 प्रतिशत
कुल	– 100 प्रतिशत

11.1.3 प्रायोगिक प्रशिक्षण और परियोजना कार्य को, प्रायोगिक कोर्स (प्रैक्टिकल कोर्स) के रूप में माना जाएगा।

(एक) प्रत्येक सेमेस्टर में, सामान्यतः एक मध्य–सेमेस्टर परीक्षा और 4 कक्षा परीक्षा (क्लास टेस्ट) होंगे। केवल आकस्मिक मामलों में ही कुलपति के अनुमोदन से परीक्षाओं की संख्या को घटाकर दो किया जा सकता है।

(दो) किसी विद्यार्थी को दिया गया ग्रेड विभिन्न परीक्षाओं, असाइनमेंट, प्रश्नोत्तरी, प्रयोगशाला कार्य, कक्षा कार्य, क्लास टेस्ट, मध्य–सेमेस्टर परीक्षा, अंतिम– सेमेस्टर परीक्षा में प्रदर्शन और नियमितता के माध्यम से,

उसके निरंतर मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। उपयोग किए जाने वाले ग्रेड और उनके संख्यात्मक समकक्ष, निम्नानुसार हैं:

क्रेडिट आधारित ग्रेडिंग पद्धति

श्रेणी	प्रतिशत अंक श्रेणी	प्रदर्शन का विवरण	ग्रेड पॉइंट
A+	90< Marks ≤ 100	Outstanding	10
A	80< Marks ≤ 90	Excellent	9
B+	70< Marks ≤ 80	Very Good	8
B	60< Marks ≤ 70	Good	7
C+	50< Marks ≤ 60	Average	6
C	40< Marks ≤ 50	Satisfactory	5
D	30< Marks ≤ 40	Marginal	4
F	0 ≤ Marks ≤ 30	Fail	0
I		Incomplete/Absent	0
W		Withdrawal	0

(तीन) सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए) और संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

$$\text{एसजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{एल}}\text{पी}_{\text{आई}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}}}$$

जहाँ $\text{सी}_{\text{आई}}$, एक सेमेस्टर के आई वें कोर्स में दिए जाने वाले क्रेडिट की संख्या है, जिसके लिए एसजीपीए की गणना की जानी है, $\text{पी}_{\text{आई}}$, आई वें कोर्स में अर्जित तत्स्थानी ग्रेड पॉइंट है, जहाँ आई = 1,2,.....एन, उस सेमेस्टर में कोर्सेस की संख्या है।

$$\text{सीजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एसजी}_{\text{जे}}\text{एनसी}_{\text{जे}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एनसी}_{\text{जे}}}$$

जहां एनसी$_{जे}$, *जे* वें सेमेस्टर में दिए गए कुल क्रेडिट की संख्या है, एसजी$_{जे}$, *जे* वें सेमेस्टर में अर्जित एसजीपीए है, जहां *जे* = 1,2.....एम, उस कार्यक्रम में सेमेस्टर की संख्या है।

11.1.4 विशेष कार्यक्रम में अर्जित क्रेडिट होगा

अर्जित क्रेडिट = ग्रेड बिंदु× विशेष कार्यक्रम में दिए गए कुल क्रेडिट

11.1.5 कमी की क्षमा

परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थी के सर्वोत्तम हित के लिए सात अंकों तक की कमी को क्षमा किया जा सकेगा। प्रत्येक सेमेस्टर में एक ही कोर्स के दो से अधिक कोर्सेस (थ्योरी और प्रैक्टिकल) में कमी को, (अनुग्रह अंक प्रदान करने के उद्देश्य से) दो अलग–अलग कोर्सेस के रूप में माना जाएगा।

(एक) कुलपति की अनुमति से दो अंक से, अनुत्तीर्ण/विशिष्ट योग्य अंक पाने से /प्रथम श्रेणी पाने से, चूकने वाले अभ्यर्थी को, दो अनुग्रह अंक दिया जाएगा।

11.1.6 डिविजन प्रदान करना

निम्नलिखित विवरण के अनुसार सभी चार वर्षों के लिए उम्मीदवार के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर अंतिम सेमेस्टर और अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा के बाद ही डिवीजन प्रदान किया जाएगा।

सीजीपीए स्कोर	डिविजन
7.5 ≤सीजीपीए	सम्मान के साथ प्रथम श्रेणी
6.5 ≤सीजीपीए<7.5	प्रथम श्रेणी
5.0 ≤सीजीपीए<6.5	द्वितीय श्रेणी
सीजीपीए <5.0	असफल

11.1.7 किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम में दिए गए ग्रेड से, समकक्ष प्रतिशत में परिवर्तन, निम्नलिखित प्रयोज्य सूत्र के अनुसार होगा।

$$\text{अभिप्राप्त प्रतिशत अंक} = \frac{\text{सीजीपीए}^{\text{अभिप्राप्त}} \times 100}{10}$$

11.2 प्रतिलेख

कार्यक्रम के पूरा होने के बाद किसी भी विद्यार्थी को जारी किए गए प्रतिलेख में, विद्यार्थी द्वारा लिए गए सभी पाठ्यक्रमों, प्राप्त ग्रेड और कक्षा या प्राप्त डिविजन के साथ अंतिम सीपीआई का समेकित अभिलेख (रिकॉर्ड) होगा।

12. अंकों की पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन

12.1 पुनर्गणना :

12.1.1 कोई भी उम्मीदवार, जो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुआ है, किसी एक या दो या तीन थ्योरी प्रश्नपत्रों के अंकों के पुनर्गणना के लिए सीवीआरयू में आवेदन कर सकता है।

12.1.2 ऐसे आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्रों पर, परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, उस संस्थान के संबंधित प्राचार्यों, जहां उम्मीदवार अध्ययन कर रहा है, को किए जाने चाहिए।

12.1.3 पुनर्गणना का कार्य अर्थात् पुनर्गणना में उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच शामिल नहीं है। यह, यह देखने के लिए किया जाता है कि क्या वैयक्तिक उत्तरों को दिए गए अंकों के योग में, या किसी उत्तर को दिए गए अंकों को छोड़ने वाली, कोई गलती हुई है।

12.2 पुनर्मूल्यांकन :

12.2.1 उम्मीदवार, अपनी मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए, अधिकतम दो थ्योरी प्रश्नपत्रों हेतु, आवेदन कर सकता है।

12.2.2 ऐसा आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र पर, परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर, किया जाना चाहिए।

12.2.3 यदि पुनर्मूल्यांकन पर मूल रूप से प्रकाशित परिणाम में त्रुटि का पता चलता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सुधार को अधिसूचित किया जाएगा। अन्य सभी मामलों में, परिणाम, उम्मीदवार को संसूचित किया जाएगा।

12.3 प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) के मामले में, किसी भी पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13 मेरिट सूचीः

13.1 प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण घोषित किए गए उम्मीदवारों में से प्रत्येक शाखा में प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में मेरिट के क्रम में शीर्ष 5 उम्मीदवारों की मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

13.2 सभी तीन/चार वर्षों के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर, प्रदर्शन एवं ललित कला में स्नातक कार्यक्रम के लिए छठवें/आठवें (अंतिम) सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रमवार अंतिम मेरिट सूची घोषित की जाएगी। मेरिट सूची में पहले प्रयास में प्रथम श्रेणी अभिप्राप्त करने वाले पहले 3 उम्मीदवार शामिल होंगे।

13.3 पुनर्मूल्यांकन परिणाम, यदि कोई हो, की घोषणा के बाद मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

14 निर्वचन :

इस अध्यादेश के निर्वचन के विषय में संदेह, विवाद या अस्पष्टता के मामले में, कुलपति का विनिश्चय, अंतिम और संबंधित विद्यार्थियों/उम्मीदवारों/पक्षकारों के लिए बाध्यकारी होगा।

डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

अध्यादेश क्र. 129

प्रदर्शन और ललित कला में स्नातकोत्तर कार्यक्रम

1. सामान्य :

यह अध्यादेश, कला संकाय के अंतर्गत इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तुत तद्नुसार प्रदर्शन और ललित कला में 1 या 2 वर्षीय स्नातकोत्तर कार्यक्रम पर लागू होगा।

'प्रदर्शन और ललित कला, कला के दृश्य कार्यों का अध्ययन और निर्माण है। यह नृत्य, संगीत, ललित पेंटिंग, फोटोग्राफी, वास्तुकला, मिट्टी के बर्तनों, वैचारिक कला, मूर्तिकला, संगीत, प्रिंटमेकिंग, फैशन डिजाइन, इंटीरियर डिजाइन, कविता और साहित्य और नाटक के रूप में हो सकेगा।

प्रदर्शन और ललित कला में स्नातकोत्तर की उपाधि को मास्टर ऑफ फाईन आर्ट्स (संक्षिप्त में एमएफए), मास्टर ऑफ विजुअल आर्ट्स (संक्षिप्त में एमवीए), मास्टर ऑफ परफॉर्मिंग आर्ट्स (संक्षिप्त में एमपीए), एमए (ललित कला), एमए (दृश्य कला), एमए (प्रदर्शन कला) के रूप में चुने गए विषय के अनुसार संदर्भित किया जा सकेगा, जो कि एक स्नातकोत्तर है अथवा प्रदर्शन और ललित कला में दो वर्ष की स्नातकोत्तर (मास्टर) डिग्री है। यह डिग्री, भारत में प्रदर्शन और ललित कला वृति के अभ्यास के लिए एक अर्हक उपाधि है।

यदि कार्यक्रम के संचालन के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुशंसित मानदंड या नियम एवं विनियम में कतिपय विकल्पों की अपेक्षा हो, तो कुलपति का विनिश्चय अंतिम होगा।

2. पात्रता :

2.1 दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री में प्रवेश के लिए, संबंधित और प्रासंगिक अनुशासन में स्नातक प्रवेश के लिए पात्र होंगे या यूजीसी/राज्य सरकार द्वारा जैसा भी निर्धारित हो।

2.2 अनुसंधान या ऑनर्स के साथ 4–वर्षीय स्नातक कार्यक्रम पूरा करने वाले छात्र 1–वर्षीय मास्टर कार्यक्रम (द्वितीय वर्ष में पार्श्व प्रवेश) में प्रवेश के लिए पात्र होंगे या यूजीसी/राज्य सरकार द्वारा जैसा भी निर्धारित हो।

2.3 प्रवेश उन छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा, जिन्होंने अपने स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/जिला/राज्य, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता/कार्यक्रम या किसी अन्य समकक्ष मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता/कार्यक्रम में भाग लिया हो और उसका प्रतिनिधित्व किया हो। एनसीसी/एनएसएस/राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन में भागीदारी/राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार/किसी भी मान्यता प्राप्त संगठन से कोई अन्य वैध समकक्ष प्रमाण पत्र/पुरस्कार धारक हो।

3. प्रवेश :

3.1 विश्वविद्यालय, प्रत्येक चक्र की प्रारंभ होने से पहले समाचार पत्रों में, विश्वविद्यालय के सूचना पटल और अन्य प्रचार मीडिया में प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा।

3.2 इस कार्यक्रम में, या तो योग्यता के आधार पर (जो कि विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित किया जायेगा) योग्यता परीक्षा में, या इस उद्देश्य के लिए आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में, जैसा और जब आवश्यक हो, प्रवेश दिया जाएगा।

3.3 प्रवेश के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची विभागीय नोटिस बोर्ड, वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी अथवा विद्यार्थियों को सीधे उनके प्रवेश की सूचना दी जाएगी।

3.4 उम्मीदवार, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं, वे भी आवेदन कर सकेंगे। तथापि, ऐसे उम्मीदवारों को कटऑफ तिथि से पहले अपेक्षित पात्रता मानदंड के प्रमाण के रूप में मार्क शीट/डिग्री प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, प्रस्तुत करने में विफल रहने पर, प्रदान की गई अनंतिम प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।

3.5 निम्नलिखित में से किसी भी कारण से आवेदन पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है:

3.5.1 उम्मीदवार, पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हों।

3.5.2 फीस संलग्न नहीं हो।

3.5.3 जहां कहीं आवश्यक हो, आवेदन पत्र पर उम्मीदवार और उसके माता–पिता अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गये हों।

3.6 सभी आवश्यक दस्तावेजों और आवश्यक शुल्क के सत्यापन और जमा करने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पंजीकरण संख्या दी जाएगी।

3.7 विद्यार्थियों के विभिन्न वर्गों को प्रवेश, संबंधित अध्यादेश के अनुसार दिया जायेगा।

4. **सीटें** : प्रारंभ में 40 सीटें। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की अनुशंसा के अनुमोदन से सीटें बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को सूचित करेगा।

5. **फीस** : कार्यक्रम की फीस विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट) और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (सीजीपीयूआरसी) के अनुमोदन से तय की जाएगी।

6. **माध्यम** : शिक्षण और परीक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी/क्षेत्रीय भाषा हो सकता है। विषय को, नियमित रूप से पढ़ाया जाएगा। नियमित सैद्धान्तिक (थ्योरी) एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कक्षाएं, फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट वर्क संचालित किया जाएगा, जिसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

7. **कार्यक्रम की अवधि और संरचना**: स्नातकोत्तर डिग्री, तद्नुसार 1 या 2 वर्ष की अवधि की होगी, जिसमें इस अवधि के भीतर बहु प्रवेश और बहु निकास (यूजीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार) विकल्पों के साथ, उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ, उदाहरण के लिए, व्यावसायिक और वृतिक क्षेत्रों सहित किसी संकाय या क्षेत्र में 3 माह/6 माह पूरा करने के बाद (तदनुसार अवधि समायोजित की जाएगी), या 1 वर्ष पूरा करने के बाद स्नातकोत्तर डिप्लोमा, या 2 वर्ष के पाठ्यक्रम के बाद स्नातकोत्तर की डिग्री का प्रमाण पत्र शामिल है। तथापि, यह 4–वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों के लिए, 1 वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हो सकेगा।

8. **स्थानांतरित उम्मीदवार** : किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान से स्थानांतरित उम्मीदवार, प्रदर्शन और ललित कला में स्नातकोत्तर कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होंगे, बशर्ते संबंधित शाखा के अध्ययन बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई हो।

9. **शिक्षण सत्र** :

सामान्य तौर पर प्रत्येक वर्ष, प्रथम और तृतीय (विषम) सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, जुलाई से दिसंबर के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी, और द्वितीय और चतुर्थ (सम) सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी।

शैक्षणिक सत्र जनवरी–दिसम्बर के लिए, प्रत्येक वर्ष, प्रथम सेमेस्टर के शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान निरंतर संचालित होगी तथा द्वितीय सेमेस्टर, जुलाई से दिसम्बर के दौरान निरंतर संचालित होगी।

9.1 प्रत्येक सेमेस्टर में मानदण्ड के अनुरूप शिक्षण दिया जायेगा।

9.2 उम्मीदवार, अपने सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ है, की परीक्षा समाप्त होने के बाद उच्च सेमेस्टर कक्षा में अपना अध्ययन अनंतिम रूप से जारी रख सकेगा। तथापि, उसकी पात्रता का मूल्यांकन, खंड 10.5 के अनुसार, सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ था, के परिणाम घोषित होने के बाद ही किया जाएगा।

9.3 अधिकतम अवधि– यह स्नातकोत्तर कार्यक्रम, अधिकतम 4 वर्ष की अवधि की होगी।

9.4 शिक्षण की ईकाई प्रणाली – प्रत्येक कार्यक्रम का पाठ्यक्रम इकाइयों में विभाजित किया जाएगा। सैद्धांतिक (थ्योरी) परीक्षा के प्रश्नपत्रों में, प्रश्नपत्र की संरचना के अनुसार प्रत्येक इकाई से प्रश्न होंगे।

9.5 सभी शिक्षण और प्रश्न पत्र सेटिंग, अध्ययन मंडल और परीक्षा मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार की जाएंगी।

9.6 व्यावसायिक प्रायोगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप/फिल्ड वर्क/प्रोजेक्ट वर्क– प्रत्येक विद्यार्थी को, अवकाश के दौरान, अध्ययन मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार व्यावसायिक प्रायोगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप/फिल्ड वर्क/प्रोजेक्ट वर्क पूरा करना अनिवार्य है।

9.7 शिक्षण की योजना– इस स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित अनुसार, पाठ्यक्रम के साथ साथ विभिन्न सेमेस्टर के लिए शिक्षण और परीक्षा की योजना का अनुपालन किया जायेगा।

9.8 उपस्थिति– किसी भी सेमेस्टर परीक्षा के लिए नियमित विद्यार्थी के रूप में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार को, अध्ययन कार्यक्रम के प्रत्येक कोर्स में पृथक–पृथक से आयोजित व्याख्यान (लेक्चर), प्रायोगिक (प्रेक्टिकल), अनुशिक्षण (ट्यूटोरियल) कक्षाओं, परियोजना और फिल्ड कार्य में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति देना आवश्यक है। 15 प्रतिशत तक की कमी को डॉ. सी.

व्ही. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा संतोषजनक कारणों से क्षमा किया जा सकेगा।

9.9 असाधारण लंबी अनुपस्थिति– यदि कोई विद्यार्थी, इस विश्वविद्यालय के कला संकाय की शैक्षणिक/पाठ्यक्रम एवं सह–पाठयक्रम गतिविधियों में, लगातार एक वर्ष से अधिक समयावधि तक, भाग नहीं लेता है, तो उसे न तो बाद की किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और न ही उसे किसी सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा या न ही पदोन्नत किया जायेगा, तथा वह इस विश्वविद्यालय के साथ–साथ स्नातक कार्यक्रम का विद्यार्थी भी नहीं रहेगा। यहाँ शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने से अभिप्रेत है, नियमित विद्यार्थी होने के लिए व्याख्यान, अनुशिक्षण, प्रायोगिक में उपस्थित होना, मुख्य या बैकलॉग परीक्षा में शामिल होना आदि। चिकित्सा आधार पर परिसर से अनुपस्थिति, 3 महीने से अधिक अवधि के अंतराल पर या माननीय कुलपति द्वारा तय किए गए अनुसार अवकाश आवेदनों के साथ समर्थित होना चाहिए।

10. परीक्षाएं :

10.1 सीवीआरयू द्वारा आयोजित प्रत्येक सेमेस्टर में अंतिम सेमेस्टर परीक्षा (ईएसई) होगी। परीक्षा में उस सेमेस्टर की परीक्षा की योजना के अनुसार सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र (थ्योरी पेपर), प्रयोगशाला प्रायोगिक (लेबोरेटरी प्रैक्टिकल), परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) और वाइवा–वॉयस शामिल होंगे। सेमेस्टर परीक्षा सामान्यतः विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएगी।

10.2 प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में एक पूर्ण परीक्षा होगी, जिसमें सभी सेमेस्टर के थ्योरी पेपर, लेबोरेटरी प्रैक्टिकल और परियोजना कार्य सम्मिलित होंगे।

10.3 परीक्षा की अवधि, 25 कार्य दिवसों से अधिक नहीं होनी चाहिए या माननीय कुलपति द्वारा तय किये गए अनुसार।

10.4 किसी विशेष सेमेस्टर में उपस्थिति की कमी के कारण रोके गए उम्मीदवार को, नियमित उम्मीदवार के रूप में उसी सेमेस्टर को दुबारा करना होगा।

10.5 यदि उम्मीदवार सेमेस्टर के कोर्स में कम से कम 40 प्रतिशत कोर्स में अर्हता प्राप्त करता है तो उसे अगले सेमेस्टर में पदोन्नत किया जाएगा। एक असफल

उम्मीदवार संबंधित भाग में या पूरी परीक्षा में, जैसा भी मामला हो, बाद की परीक्षाओं में एटी/केटी छात्र के रूप में दोबारा उपस्थित हो सकता है।

10.6 अंतिम सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी परीक्षा प्रारंभ होने से 15 दिन पहले या विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार घोषित की जानी चाहिए।

10.7 तैयारी अवकाश – प्रत्येक सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा से पूर्व या सीवीआरयू द्वारा प्रकाशित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार केवल लगभग 10 दिनों का तैयारी अवकाश दी जायेगी।

10.8 अग्रनयन (कैरीओवर)– किसी उम्मीदवार को उच्च सेमेस्टर में एक सेमेस्टर के सभी कोर्स, अर्थात् थ्योरी और प्रेक्टिकल को अग्रनयन करने की अनुमति दी जाएगी, उसे केवल उन कोर्सेस (थ्योरी और प्रेक्टिकल) में आगामी ईएसई उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसमें उसे डब्ल्यूएच या एफएफ ग्रेड प्रदान किया गया था।

10.9 यदि कोई उम्मीदवार किसी एक या अधिक टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में अनुत्तीर्ण हो रहा है, तो वह टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में फिर से उपस्थित होने के लिए पात्र होगा।

10.10 परीक्षा की रीति, परिस्थितियों को देखते हुए, (ऑनलाईन/ऑफलाईन) होगी।

10.11 डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा, विश्वविद्यालय के संबंधित प्राधिकारी द्वारा परिभाषित मानदण्ड और प्रकिया के अनुसार, समय समय पर, परीक्षा केन्द्रों को अधिसूचित किया जायेगा।

11. क्रेडिट/ग्रेड प्रदान करना और परीक्षा योजना

11.1.1 इकाइयों और समकक्ष क्रेडिट के संदर्भ में इसके अधिभार के साथ–साथ प्रत्येक कोर्स, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित किया जाएगा और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। किसी भी सेमेस्टर के दौरान, केवल स्वीकृत कोर्सेस की पेशकश की जा सकेगी।

(एक) प्रत्येक घटक के लिए अधिभार (वेटेज)/अंकों का वितरण, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

(दो) संबंधित अध्ययन मंडल/परीक्षा मंडल/संकायों द्वारा और अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदित अनुसार, एक छात्र को कोर्स में उसके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ट्यूटोरियल कार्य, प्रैक्टिकल, होम असाइनमेंट, क्लास टेस्ट मिड–सेमेस्टर टेस्ट, फील्ड वर्क, सेमिनार, क्विज़, एंड–सेमेस्टर परीक्षाओं और नियमितता के माध्यम से, जैसा कि प्रस्तावित है, लगातार मूल्यांकन किया जाएगा।

11.1.2 डिग्री प्रदान करने और उच्च सेमेस्टर में पदोन्नत करने के लिए न्यूनतम **संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए),** 5.0 आवश्यक है।

(एक) कार्यक्रम के किसी विशेष कोर्स को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम आवश्यक ग्रेड ''डी'' है। हालांकि, उम्मीदवार को कोर्स के सैद्धांतिक और व्यावहारिक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं के बाहरी और आंतरिक घटकों में अलग से न्यूनतम ग्रेड ''डी'' अंक प्राप्त करना चाहिए। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए संस्थान के बाहर से एक बाहरी परीक्षक हमेशा मौजूद रहेगा।

(दो) यदि किसी उम्मीदवार ने लागू वर्ष के सभी कोर्सेस को उत्तीर्ण कर लिया है, किन्तु आवश्यकता के अनुसार, न्यूनतम **सीजीपीए, 5.0** प्राप्त करने में असफल रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार को, आगामी परीक्षा (किसी कोर्स के थ्योरी और प्रैक्टिकल को अलग–अलग विषयों के रूप में माना जाएगा।) में, **अधिकतम तीन थ्योरी और प्रैक्टिकल विषयों** में पुनः उपस्थित होकर, अपेक्षित ग्रेड पॉइंट में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी ।

(तीन) उपरोक्त खंड (दो) के प्रावधान के अलावा, किसी उम्मीदवार को, उस परीक्षा में डिवीजन/ग्रेड में सुधार के लिए या किसी अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) थ्योरी ब्लॉक

(एक) उपस्थिति, योग्यता और अनुशासन – 20 प्रतिशत

(दो) क्लास टेस्ट/असाइनमेंट/क्विज (प्रश्नोत्तरी) – 10 प्रतिशत

(तीन) माइनर (मध्य–सेमेस्टर परीक्षा(एक)) – 20 प्रतिशत

(चार) माइनर (अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा) – 50 प्रतिशत

कुल	– 100 प्रतिशत

(ख) प्रैक्टिकल ब्लॉक

(एक) लैब कार्य और प्रदर्शन, क्वीज (प्रश्नोत्तरी), असाइनमेंट और उपस्थिति	50 प्रतिशत
(दो) अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा	50 प्रतिशत
कुल	– 100 प्रतिशत

11.1.3 प्रायोगिक प्रशिक्षण और परियोजना कार्य को, प्रायोगिक कोर्स (प्रैक्टिकल कोर्स) के रूप में माना जाएगा।

(एक) प्रत्येक सेमेस्टर में, सामान्यतः एक मध्य सेमेस्टर परीक्षा और 4 कक्षा परीक्षा (क्लास टेस्ट) होंगे। केवल आकस्मिक मामलों में ही कुलपति के अनुमोदन से परीक्षाओं की संख्या को घटाकर दो किया जा सकता है।

(दो) किसी विद्यार्थी को दिया गया ग्रेड विभिन्न परीक्षाओं, असाइनमेंट, प्रश्नोत्तरी, प्रयोगशाला कार्य, कक्षा कार्य, क्लास टेस्ट, मध्य–सेमेस्टर परीक्षा, अंतिम– सेमेस्टर परीक्षा में प्रदर्शन और नियमितता के माध्यम से, उसके निरंतर मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। उपयोग किए जाने वाले ग्रेड और उनके संख्यात्मक समकक्ष, निम्नानुसार हैं:

क्रेडिट आधारित ग्रेडिंग पद्धति

श्रेणी	प्रतिशत अंक श्रेणी	प्रदर्शन का विवरण	ग्रेड पॉइंट
A+	90< Marks ≤ 100	Outstanding	10
A	80< Marks ≤ 90	Excellent	9
B+	70< Marks ≤ 80	Very Good	8
B	60< Marks ≤ 70	Good	7
C+	50< Marks ≤ 60	Average	6
C	40< Marks ≤ 50	Satisfactory	5
D	30< Marks ≤ 40	Marginal	4
F	0 ≤ Marks ≤ 30	Fail	0
I		Incomplete/Absent	0
W		Withdrawal	0

(तीन) सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए) और संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

$$\text{एसजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{एल}}\text{पी}_{\text{आई}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}}}$$

जहाँ $\text{सी}_{\text{आई}}$, एक सेमेस्टर के आई वें कोर्स में दिए जाने वाले क्रेडिट की संख्या है, जिसके लिए एसजीपीए की गणना की जानी है, $\text{पी}_{\text{आई}}$, आई वें कोर्स में अर्जित तत्स्थानी ग्रेड पॉइंट है, जहाँ आई = 1,2.....एन, उस सेमेस्टर में कोर्सेस की संख्या है।

$$\text{सीजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एसजी}_{\text{जे}}\text{एनसी}_{\text{जे}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एनसी}_{\text{जे}}}$$

जहां $\text{एनसी}_{\text{जे}}$, *जे* वें सेमेस्टर में दिए गए कुल क्रेडिट की संख्या है, $\text{एसजी}_{\text{जे}}$, *जे* वें सेमेस्टर में अर्जित एसजीपीए है, जहां *जे* = 1,2.....एम, उस कार्यक्रम में सेमेस्टर की संख्या है।

11.1.4 विशेष कार्यक्रम में अर्जित क्रेडिट होगा

अर्जित क्रेडिट = ग्रेड बिंदु× विशेष कार्यक्रम में दिए गए कुल क्रेडिट

11.1.5 कमी की क्षमा

परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थी के सर्वोत्तम हित के लिए सात अंकों तक की कमी को क्षमा किया जा सकेगा। प्रत्येक सेमेस्टर में एक ही कोर्स के दो से अधिक कोर्सेस (थ्योरी और प्रैक्टिकल) में कमी को, (अनुग्रह अंक प्रदान करने के उद्देश्य से) दो अलग–अलग कोर्सेस के रूप में माना जाएगा।

(एक) कुलपति की अनुमति से दो अंक से, अनुत्तीर्ण/विशिष्ट योग्य अंक पाने से /प्रथम श्रेणी पाने से, चूकने वाले अभ्यर्थी को, दो अनुग्रह अंक दिया जाएगा।

11.1.6 डिविजन प्रदान करना

निम्नलिखित विवरण के अनुसार सभी चार वर्षों के लिए उम्मीदवार के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर अंतिम सेमेस्टर और अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा के बाद ही डिवीजन प्रदान किया जाएगा।

सीजीपीए स्कोर	डिविजन
7.5 ≤सीजीपीए	सम्मान के साथ प्रथम श्रेणी
6.5 ≤सीजीपीए<7.5	प्रथम श्रेणी
5.0 ≤सीजीपीए<6.5	द्वितीय श्रेणी
सीजीपीए <5.0	असफल

11.1.7 किसी भी शैक्षणिक पाठ्यक्रम दिए गए में ग्रेड से, समकक्ष प्रतिशत में परिवर्तन, निम्नलिखित प्रयोज्य सूत्र के अनुसार होगा।

$$\text{अभिप्राप्त प्रतिशत अंक} = \frac{\text{अभिप्राप्त सीजीपीए} \times 100}{10}$$

11.2 प्रतिलेख

कार्यक्रम के पूरा होने के बाद किसी भी विद्यार्थी को जारी किए गए प्रतिलेख में, विद्यार्थी द्वारा लिए गए सभी पाठ्यक्रमों, प्राप्त ग्रेड और कक्षा या प्राप्त डिविजन के साथ अंतिम सीपीआई का समेकित अभिलेख (रिकॉर्ड) होगा।

12 अंकों की पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन

12.1 पुनर्गणना :

12.1.1 कोई भी उम्मीदवार, जो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुआ है, किसी एक या दो या तीन थ्योरी प्रश्नपत्रों के अंकों के पुनर्गणना के लिए सीवीआरयू में आवेदन कर सकता है।

12.1.2 ऐसे आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्रों पर, परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, उस संस्थान के संबंधित प्राचार्यों, जहां उम्मीदवार अध्ययन कर रहा है, को किए जाने चाहिए।

12.1.3 पुनर्गणना का कार्य अर्थात् पुनर्गणना में उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच शामिल नहीं है। यह, यह देखने के लिए किया जाता है कि क्या वैयक्तिक उत्तरों को दिए गए अंकों के योग में, या किसी उत्तर को दिए गए अंकों को छोड़ने वाली, कोई गलती हुई है।

12.2 पुनर्मूल्यांकन :

12.2.1 उम्मीदवार, अपनी मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए, अधिकतम दो थ्योरी प्रश्नपत्रों हेतु, आवेदन कर सकता है।

12.2.2 ऐसा आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र पर, परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए।

12.2.3 यदि पुनर्मूल्यांकन पर मूल रूप से प्रकाशित परिणाम में त्रुटि का पता चलता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सुधार को अधिसूचित किया जाएगा। अन्य सभी मामलों में, परिणाम, उम्मीदवार को संसूचित किया जाएगा।

12.3 प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) के मामले में, किसी भी पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13 मेरिट सूचीः

13.1 प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण घोषित किए गए उम्मीदवारों में से प्रत्येक शाखा में प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में मेरिट के क्रम में शीर्ष 5 उम्मीदवारों की मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

13.2 सभी दो वर्षों के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर, प्रदर्शन और ललित कला में स्नातकोत्तर कार्यक्रम के लिए अंतिम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रमवार अंतिम मेरिट सूची घोषित की जाएगी। मेरिट सूची में पहले प्रयास में प्रथम श्रेणी हासिल करने वाले पहले 3 उम्मीदवार शामिल होंगे।

13.3 पुनर्मूल्यांकन परिणाम, यदि कोई हो, की घोषणा के बाद मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

14 निर्वचन :

इस अध्यादेश के निर्वचन के विषय में संदेह, विवाद या अस्पष्टता के मामले में, कुलपति का विनिश्चय, अंतिम और संबंधित विद्यार्थियों/उम्मीदवारों/पक्षकारों के लिए बाध्यकारी होगा।

डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

अध्यादेश क्र. 130

अग्नि सुरक्षा प्रबंधन में स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम (डीएफएसएम)

1. सामान्य :

यह अध्यादेश, इस विश्वविद्यालय द्वारा अभियांत्रिकी और प्रौद्योगिकी संकाय के तहत प्रस्तावित अग्नि सुरक्षा प्रबंधन में 6 महीने के प्रमाणपत्र या 1 वर्ष के स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम पर लागू होगा।

"अग्नि सुरक्षा प्रबंधन में स्नातक डिप्लोमा पाठ्यक्रम, एक वर्ष का डिप्लोमा पाठ्यक्रम है, जो किसी भी आग लगने की घटना के दौरान जोखिम, प्रबंधन और उपायों के अध्ययन से संबंधित है। यह पाठ्यक्रम, सुरक्षा पर्यवेक्षक, प्रशिक्षक, सुरक्षा अधिकारी, सुरक्षा सलाहकार, फायरमैन इत्यादि जैसे करियर प्रदान करता है।"

अग्नि सुरक्षा प्रबंधन में डिप्लोमा पाठ्यक्रम, भारत में अग्नि सुरक्षा प्रबंधन पेशे के अभ्यास के लिए एक अर्हक डिप्लोमा है।

यदि कार्यक्रम के संचालन के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुशंसित मानदंड या नियम एवं विनियम में कतिपय विकल्पों की अपेक्षा हो, तो कुलपति का विनिश्चय अंतिम होगा।

2. पात्रता –

2.1 इस विशेष कार्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए, पात्रता मानदंड यह है कि छात्र को विज्ञान स्ट्रीम में 10+2 उत्तीर्ण होना चाहिए या किसी मान्यता प्राप्त राज्य या केंद्रीय बोर्ड से कोई अन्य समकक्ष योग्यता होनी चाहिए या यूजीसी/राज्य सरकार द्वारा जैसा भी निर्धारित हो।

2.2 जिस उम्मीदवार ने 10+2 के बाद मान्यता प्राप्त संस्थान से फायर सेफ्टी में 6 महीने का सर्टिफिकेट कोर्स किया है, वह यूजीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार सीधे सेमेस्टर II (मल्टीपल एंट्री और एग्जिट) में प्रवेश लेने के लिए पात्र है।

2.3 प्रवेश उन छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा, जिन्होंने अपने स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/जिला/राज्य, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता/कार्यक्रम या किसी अन्य समकक्ष मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता/कार्यक्रम में भाग लिया हो और उसका प्रतिनिधित्व किया हो।

एनसीसी/एनएसएस/राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन में भागीदारी/राष्ट्रीय वीरता पुरस्कार/किसी भी मान्यता प्राप्त संगठन से कोई अन्य वैध समकक्ष प्रमाण पत्र/पुरस्कार धारक हो।

3. प्रवेश :

3.1 विश्वविद्यालय, प्रत्येक चक्र की प्रारंभ होने से पहले समाचार पत्रों में, विश्वविद्यालय के सूचना पटल और अन्य प्रचार मीडिया में प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा।

3.2 इस कार्यक्रम में, या तो योग्यता के आधार पर (जो कि विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित किया जायेगा) योग्यता परीक्षा में, या इस उद्देश्य के लिए आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में, जैसा और जब आवश्यक हो, प्रवेश दिया जाएगा।

3.3 प्रवेश के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची विभागीय नोटिस बोर्ड, वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी अथवा विद्यार्थियों को सीधे उनके प्रवेश की सूचना दी जाएगी।

3.4 उम्मीदवार, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं, वे भी आवेदन कर सकेंगे। तथापि, ऐसे उम्मीदवारों को कटऑफ तिथि से पहले अपेक्षित पात्रता मानदंड के प्रमाण के रूप में मार्क शीट/डिग्री प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, प्रस्तुत करने में विफल रहने पर, प्रदान की गई अनंतिम प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।

3.5 निम्नलिखित में से किसी भी कारण से आवेदन पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है:

3.5.1 उम्मीदवार, पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हों।

3.5.2 फीस संलग्न नहीं हो।

3.5.3 जहां कहीं आवश्यक हो, आवेदन पत्र पर उम्मीदवार और उसके माता–पिता अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गये हों।

3.6 सभी आवश्यक दस्तावेजों और आवश्यक शुल्क के सत्यापन और जमा करने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पंजीकरण संख्या दी जाएगी।

3.7 विद्यार्थियों के विभिन्न वर्गों को प्रवेश, संबंधित अध्यादेश के अनुसार दिया जायेगा।

4. **सीटें** : प्रारंभ में 60 सीटें। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की अनुशंसा के अनुमोदन से सीटें बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को सूचित करेगा।

5. **फीस** : कार्यक्रम की फीस विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट) और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (सीजीपीयूआरसी) के अनुमोदन से तय की जाएगी।

6. **माध्यम** : शिक्षण और परीक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी/क्षेत्रीय भाषा हो सकता है। कोर्स को, नियमित रूप से पढ़ाया जाएगा। नियमित सैद्धान्तिक (थ्योरी) एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कक्षाएं, फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट वर्क संचालित किया जाएगा, जिसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

7. **कार्यक्रम की अवधि और संरचना** : डिप्लोमा कार्यक्रमों की संरचना और अवधि को तदनुसार समायोजित किया जाएगा। स्नातक डिप्लोमा, 1 वर्ष की अवधि की होगी, जिसमें इस अवधि के भीतर बहु प्रवेश और बहु निकास (यूजीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार) विकल्पों के साथ, उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ, उदाहरण के लिए, 3 माह/6 माह पूरा करने के बाद (तदनुसार अवधि समायोजित की जाएगी), या 1 वर्ष पूरा करने के बाद डिप्लोमा का प्रमाणपत्र शामिल है। तथापि, यह 1–वर्षीय पाठ्यक्रम, पसंदीदा विकल्प होगा, क्योंकि यह विद्यार्थियों की पसंद के अनुसार चुने हुए प्रमुख और गौण पर ध्यान देने के अलावा समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने का अवसर देता है।

8. **स्थानांतरित उम्मीदवार** : किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान से स्थानांतरित उम्मीदवार, अग्नि सुरक्षा प्रबंधन में स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होंगे, बशर्ते संबंधित शाखा के अध्ययन बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई हो।

9. **शिक्षण सत्र** :

सामान्य तौर पर प्रत्येक वर्ष, प्रथम सेमेस्टर का शिक्षण सत्र जुलाई से दिसंबर के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी, और द्वितीय सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी।

शैक्षणिक सत्र जनवरी–दिसम्बर के लिए, प्रत्येक वर्ष, प्रथम सेमेस्टर के शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान निरंतर संचालित होगी तथा द्वितीय सेमेस्टर, जुलाई से दिसम्बर के दौरान निरंतर संचालित होगी।

9.1 प्रत्येक सेमेस्टर में मानदण्ड के अनुरूप शिक्षण दिया जायेगा।

9.2 उम्मीदवार, अपने सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ है, की परीक्षा समाप्त होने के बाद उच्च सेमेस्टर कक्षा में अपना अध्ययन अनंतिम रूप से जारी रख सकेगा। तथापि, उसकी पात्रता का मूल्यांकन, खंड 10.5 के अनुसार, सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ था, के परिणाम घोषित होने के बाद ही किया जाएगा।

9.3 अधिकतम अवधि– यह स्नातक कार्यक्रम, अधिकतम 3 वर्ष की अवधि की होगी।

9.4 शिक्षण की ईकाई प्रणाली– शिक्षण की ईकाई प्रणाली – प्रत्येक कार्यक्रम का पाठ्यक्रम इकाइयों में विभाजित किया जाएगा। सैद्धांतिक (थ्योरी) परीक्षा के प्रश्नपत्रों में, प्रश्नपत्र की संरचना के अनुसार प्रत्येक इकाई से प्रश्न होंगे।

9.5 मापन की ईकाइयाँ– सभी शिक्षण और प्रश्न पत्र सेटिंग, अध्ययन मंडल और परीक्षा मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार की जाएंगी।

9.6 शिक्षण की योजना– इस स्नातक कार्यक्रम के लिए डॉ. सी.वी. रमन विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित अनुसार, पाठ्यक्रम के साथ साथ विभिन्न सेमेस्टर के लिए शिक्षण और परीक्षा की योजना का अनुपालन किया जायेगा।

9.7 उपस्थिति– किसी भी सेमेस्टर परीक्षा के लिए नियमित विद्यार्थी के रूप में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार को, अध्ययन कार्यक्रम के प्रत्येक कोर्स में पृथक–पृथक से आयोजित व्याख्यान (लेक्चर), प्रायोगिक (प्रेक्टिकल), अनुशिक्षण (ट्यूटोरियल) कक्षाओं, परियोजना और फिल्ड कार्य में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति देना आवश्यक है। 15 प्रतिशत तक की कमी को डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा संतोषजनक कारणों से क्षमा किया जा सकेगा।

9.8 असाधारण लंबी अनुपस्थिति– यदि कोई विद्यार्थी, इस विश्वविद्यालय के अभियांत्रिकी एवं प्रौद्योगिकी संकाय की शैक्षणिक /पाठ्यक्रम एवं सह–पाठयक्रम गतिविधियों में, लगातार 6 माह से अधिक समयावधि तक, भाग नहीं लेता है, तो उसे न तो बाद की किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और न ही उसे किसी सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा या न ही पदोन्नत किया जायेगा, तथा वह इस विश्वविद्यालय के साथ–साथ स्नातक

डिप्लोमा कार्यक्रम का विद्यार्थी भी नहीं रहेगा। यहाँ शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने से अभिप्रेत है, नियमित विद्यार्थी होने के लिए व्याख्यान, अनुशिक्षण, प्रायोगिक में उपस्थित होना, मुख्य या बैकलॉग परीक्षा में शामिल होना आदि। चिकित्सा आधार पर परिसर से अनुपस्थिति, 3 महीने से अधिक अवधि के अंतराल पर या माननीय कुलपति द्वारा तय किए गए अनुसार अवकाश आवेदनों के साथ समर्थित होना चाहिए।

10. परीक्षाएं :

10.1 सीवीआरयू द्वारा आयोजित प्रत्येक सेमेस्टर में अंतिम सेमेस्टर परीक्षा (ईएसई) होगी। परीक्षा में उस सेमेस्टर की परीक्षा की योजना के अनुसार सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र (थ्योरी पेपर), प्रयोगशाला प्रायोगिक (लेबोरेटरी प्रैक्टिकल), परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) और वाइवा–वॉयस शामिल होंगे। सेमेस्टर परीक्षा सामान्यतः विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएगी।

10.2 प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में एक पूर्ण परीक्षा होगी, जिसमें सभी सेमेस्टर के थ्योरी पेपर, लेबोरेटरी प्रैक्टिकल और परियोजना कार्य सम्मिलित होंगे।

10.3 परीक्षा की अवधि, 25 कार्य दिवसों से अधिक नहीं होनी चाहिए या माननीय कुलपति द्वारा तय किये गए अनुसार।

10.4 किसी विशेष सेमेस्टर में उपस्थिति की कमी के कारण रोके गए उम्मीदवार को, नियमित उम्मीदवार के रूप में उसी सेमेस्टर को दुबारा करना होगा।

10.5 यदि उम्मीदवार सेमेस्टर के कोर्स में कम से कम 40 प्रतिशत कोर्स में अर्हता प्राप्त करता है तो उसे अगले सेमेस्टर में पदोन्नत किया जाएगा। एक असफल उम्मीदवार संबंधित भाग में या पूरी परीक्षा में, जैसा भी मामला हो, बाद की परीक्षाओं में एटी/केटी छात्र के रूप में दोबारा उपस्थित हो सकता है।

10.6 अंतिम सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी परीक्षा प्रारंभ होने से 15 दिन पहले या विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार घोषित की जानी चाहिए।

10.7 तैयारी अवकाश – प्रत्येक सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा से पूर्व या सीवीआरयू द्वारा प्रकाशित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार केवल लगभग 10 दिनों का तैयारी अवकाश दी जायेगी।

10.8 अग्रनयन (कैरीओवर)– किसी उम्मीदवार को उच्च सेमेस्टर में एक सेमेस्टर के सभी कोर्स, अर्थात् थ्योरी और प्रेक्टिकल को अग्रनयन करने की अनुमति दी जाएगी, उसे केवल उन कोर्सेस (थ्योरी और प्रेक्टिकल) में आगामी ईएसई उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसमें उसे डब्ल्यूएच या एफएफ ग्रेड प्रदान किया गया था।

10.9 यदि कोई उम्मीदवार किसी एक या अधिक टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में अनुत्तीर्ण हो रहा है, तो वह टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में फिर से उपस्थित होने के लिए पात्र होगा।

10.10 परीक्षा की रीति, परिस्थितियों को देखते हुए, (ऑनलाईन/ऑफलाईन) होगी।

10.11 डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा, विश्वविद्यालय के संबंधित प्राधिकारी द्वारा परिभाषित मानदण्ड और प्रक्रिया के अनुसार, समय समय पर, परीक्षा केन्द्रों को अधिसूचित किया जायेगा।

11. क्रेडिट/ग्रेड प्रदान करना और परीक्षा योजना

11.1.1 इकाइयों और समकक्ष क्रेडिट के संदर्भ में इसके अधिभार के साथ–साथ प्रत्येक पाठ्यक्रम, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित किया जाएगा और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। किसी भी सेमेस्टर के दौरान, केवल स्वीकृत पाठ्यक्रमों की पेशकश की जा सकेगी।

(एक) प्रत्येक घटक के लिए अधिभार (वेटेज)/अंकों का वितरण, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

(दो) संबंधित अध्ययन मंडल/परीक्षा मंडल/संकायों द्वारा और अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदित अनुसार, एक छात्र को कोर्स में उसके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ट्यूटोरियल कार्य, प्रैक्टिकल, होम असाइनमेंट, क्लास टेस्ट मिड–सेमेस्टर टेस्ट, फील्ड वर्क, सेमिनार, क्विज़, एंड–सेमेस्टर परीक्षाओं और नियमितता के माध्यम से, जैसा कि प्रस्तावित है, लगातार मूल्यांकन किया जाएगा।

11.1.2 डिग्री प्रदान करने और उच्च सेमेस्टर में पदोन्नत करने के लिए न्यूनतम **संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए)**, 5.0 आवश्यक है।

(एक) कार्यक्रम के किसी विशेष कोर्स को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम आवश्यक ग्रेड "डी" है। हालांकि, उम्मीदवार को कोर्स के सैद्धांतिक और व्यावहारिक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं के बाहरी और आंतरिक घटकों में अलग से न्यूनतम ग्रेड "डी" अंक प्राप्त करना चाहिए। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए संस्थान के बाहर से एक बाहरी परीक्षक हमेशा मौजूद रहेगा।

(दो) यदि किसी उम्मीदवार ने लागू वर्ष के सभी कोर्सेस को उत्तीर्ण कर लिया है, किन्तु आवश्यकता के अनुसार, न्यूनतम **सीजीपीए, 5.0** प्राप्त करने में असफल रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार को, आगामी परीक्षा (किसी कोर्स के थ्योरी और प्रैक्टिकल को अलग–अलग विषयों के रूप में माना जाएगा।) में, **अधिकतम तीन थ्योरी और प्रैक्टिकल विषयों** में पुनः उपस्थित होकर, अपेक्षित ग्रेड पॉइंट में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी।

(तीन) उपरोक्त खंड (दो) के प्रावधान के अलावा, किसी उम्मीदवार को, उस परीक्षा में डिवीजन/ग्रेड में सुधार के लिए या किसी अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) थ्योरी ब्लॉक

(एक) उपस्थिति, योग्यता और अनुशासन – 20 प्रतिशत

(दो) क्लास टेस्ट/असाइनमेंट/क्विज (प्रश्नोत्तरी) – 10 प्रतिशत

(तीन) माइनर (मध्य–सेमेस्टर परीक्षा(एक)) – 20 प्रतिशत

(चार) माइनर (अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा) – 50 प्रतिशत

कुल – 100 प्रतिशत

(ख) प्रैक्टिकल ब्लॉक

(एक) लैब कार्य और प्रदर्शन, क्वीज (प्रश्नोत्तरी), असाइनमेंट और उपस्थिति 50 प्रतिशत

(दो) अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा 50 प्रतिशत

कुल – 100 प्रतिशत

.....

11.1.3 प्रायोगिक प्रशिक्षण और परियोजना कार्य को, प्रायोगिक कोर्स (प्रैक्टिकल कोर्स) के रूप में माना जाएगा।

(एक) प्रत्येक सेमेस्टर में, सामान्यतः एक मध्य–सेमेस्टर परीक्षा और 4 कक्षा परीक्षा (क्लास टेस्ट) होंगे। केवल आकस्मिक मामलों में ही कुलपति के अनुमोदन से परीक्षाओं की संख्या को घटाकर दो किया जा सकता है।

(दो) किसी विद्यार्थी को दिया गया ग्रेड विभिन्न परीक्षाओं, असाइनमेंट, प्रश्नोत्तरी, प्रयोगशाला कार्य, कक्षा कार्य, क्लास टेस्ट, मध्य–सेमेस्टर परीक्षा, अंतिम– सेमेस्टर परीक्षा में प्रदर्शन और नियमितता के माध्यम से, उसके निरंतर मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। उपयोग किए जाने वाले ग्रेड और उनके संख्यात्मक समकक्ष, निम्नानुसार हैं:

क्रेडिट आधारित ग्रेडिंग पद्धति

श्रेणी	प्रतिशत अंक श्रेणी	प्रदर्शन का विवरण	ग्रेड पॉइंट
A+	90< Marks ≤ 100	Outstanding	10
A	80< Marks ≤ 90	Excellent	9
B+	70< Marks ≤ 80	Very Good	8
B	60< Marks ≤ 70	Good	7
C+	50< Marks ≤ 60	Average	6
C	40< Marks ≤ 50	Satisfactory	5
D	30< Marks ≤ 40	Marginal	4
F	0 ≤ Marks ≤ 30	Fail	0
I		Incomplete/Absent	0
W		Withdrawal	0

(तीन) सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए) और संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

$$\text{एसजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}} \text{पी}_{\text{आई}}}{\sum^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}}}$$

आई=एल

4. **सीटें** : प्रारंभ में 60 सीटें। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की अनुशंसा के अनुमोदन से सीटें बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को सूचित करेगा।

5. **फीस** : कार्यक्रम की फीस विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट) और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (सीजीपीयूआरसी) के अनुमोदन से तय की जाएगी।

6. **माध्यम** : शिक्षण और परीक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी/क्षेत्रीय भाषा हो सकता है। कोर्स को, नियमित रूप से पढ़ाया जाएगा। नियमित सैद्धान्तिक (थ्योरी) एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कक्षाएं, फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट वर्क संचालित किया जाएगा, जिसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

7. **कार्यक्रम की अवधि और संरचना**: डिग्री कार्यक्रमों की संरचना और अवधि को तदनुसार समायोजित किया जाएगा। स्नातक डिग्री, 3 या 4 वर्ष की अवधि की होगी, जिसमें इस अवधि के भीतर बहु प्रवेश और बहु निकास (यूजीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार) विकल्पों के साथ, उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ, उदाहरण के लिए, व्यावसायिक और वृतिक क्षेत्रों सहित किसी संकाय या क्षेत्र में 3 माह/6 माह पूरा करने के बाद (तदनुसार अवधि समायोजित की जाएगी), या 1 वर्ष पूरा करने के बाद डिप्लोमा, या 2 वर्ष के अध्ययन के बाद एडवांस डिप्लोमा, या 3 वर्ष के पाठ्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री का प्रमाण पत्र शामिल है। तथापि, यह 4–वर्षीय बहु–विषयक स्नातक पाठ्यक्रम, पसंदीदा विकल्प होगा, क्योंकि यह विद्यार्थियों की पसंद के

अनुसार चुने हुए प्रमुख और गौण पर ध्यान देने के अलावा समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने का अवसर देता है।

4–वर्षीय पाठ्यक्रम, 'सम्मान के साथ' या 'अनुसंधान (शोध) के साथ' डिग्री प्राप्त करने हेतु अग्रणी भी हो सकेगा, यदि विद्यार्थी, विश्वविद्यालय द्वारा विनिर्दिष्ट अनुसार अध्ययन के उनके प्रमुख क्षेत्रों में कठिन अनुसंधान (शोध) योजना पूर्ण करता है।

8. **स्थानांतरित उम्मीदवार** : किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान से स्थानांतरित उम्मीदवार, ग्रामीण प्रौद्योगिकी में स्नातक कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होंगे, बशर्ते संबंधित शाखा के अध्ययन बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई हो।

9. **शिक्षण सत्र** :

सामान्य तौर पर प्रत्येक वर्ष, प्रथम, तृतीय और पंचम (विषम) सेमेस्टर का शिक्षण सत्र जुलाई से दिसंबर के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी, और द्वितीय, चतुर्थ और छष्टम (सम) सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी।

शैक्षणिक सत्र जनवरी–दिसम्बर के लिए, प्रत्येक वर्ष, प्रथम सेमेस्टर के शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान निरंतर संचालित होगी तथा द्वितीय सेमेस्टर, जुलाई से दिसम्बर के दौरान निरंतर संचालित होगी।

9.1 प्रत्येक सेमेस्टर में मानदण्ड के अनुरूप शिक्षण दिया जायेगा।

9.2 उम्मीदवार, अपने सेमेस्टर की परीक्षा समाप्त होने के बाद उच्च सेमेस्टर कक्षा में अपना अध्ययन अनंतिम रूप से जारी रख सकेगा। तथापि, उसकी पात्रता का मूल्यांकन, खंड 10.5 के अनुसार, सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ था, के परिणाम घोषित होने के बाद ही किया जाएगा।

9.3 अधिकतम अवधि– यह स्नातक कार्यक्रम, तद्नुसार अधिकतम 5वर्ष/6 वर्ष की अवधि का होगा।

9.4 शिक्षण की ईकाई प्रणाली – प्रत्येक कार्यक्रम का पाठ्यक्रम इकाइयों में विभाजित किया जाएगा। सैद्धांतिक (थ्योरी) परीक्षा के प्रश्नपत्रों में, प्रश्नपत्र की संरचना के अनुसार प्रत्येक इकाई से प्रश्न होंगे।

9.5 मापन की ईकाइयाँ– सभी शिक्षण और प्रश्न पत्र सेटिंग, अध्ययन मंडल और परीक्षा मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार की जाएंगी।

9.6 व्यावसायिक प्रायोगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप/फिल्ड वर्क/प्रोजेक्ट वर्क– प्रत्येक विद्यार्थी को, अवकाश के दौरान, अध्ययन मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार व्यावसायिक प्रायोगिक प्रशिक्षण/इंटर्नशिप/फिल्ड वर्क/प्रोजेक्ट वर्क पूरा करना अनिवार्य है।

9.7 शिक्षण की योजना– इस स्नातक कार्यक्रम के लिए डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित अनुसार, पाठ्यक्रम के साथ साथ विभिन्न सेमेस्टर के लिए शिक्षण और परीक्षा की योजना का अनुपालन किया जायेगा।

9.8 उपस्थिति– किसी भी सेमेस्टर परीक्षा के लिए नियमित विद्यार्थी के रूप में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार को, अध्ययन कार्यक्रम के प्रत्येक कोर्स में पृथक–पृथक से आयोजित व्याख्यान (लेक्चर), प्रायोगिक (प्रेक्टिकल), अनुशिक्षण (ट्यूटोरियल) कक्षाओं, परियोजना और फिल्ड कार्य में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति देना आवश्यक है। 15 प्रतिशत तक की कमी को डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा संतोषजनक कारणों से क्षमा किया जा सकेगा।

9.9 असाधारण लंबी अनुपस्थिति– यदि कोई विद्यार्थी, इस विश्वविद्यालय के विज्ञान संकाय की शैक्षणिक /पाठ्यक्रम एवं सह–पाठयक्रम गतिविधियों में, लगातार दो वर्ष से अधिक समयावधि तक, भाग नहीं लेता है, तो उसे न तो बाद की किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और न ही उसे प्रवेश दिया जाएगा या न ही किसी सेमेस्टर में पदोन्नत किया जायेगा, तथा वह इस विश्वविद्यालय के साथ–साथ इस स्नातक कार्यक्रम का विद्यार्थी भी नहीं रहेगा। यहाँ शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने से अभिप्रेत है, नियमित विद्यार्थी होने के लिए व्याख्यान, अनुशिक्षण, प्रायोगिक में उपस्थित होना, मुख्य या बैकलॉग परीक्षा में शामिल होना आदि। चिकित्सा आधार पर परिसर से अनुपस्थिति, 3 माह से अनधिक अवधि के अंतराल पर या माननीय कुलपति द्वारा तय किए गए अनुसार अवकाश आवेदनों के साथ समर्थित होना चाहिए।

10. परीक्षाएं :

10.1 सीवीआरयू द्वारा आयोजित प्रत्येक सेमेस्टर में अंतिम सेमेस्टर परीक्षा (ईएसई) होगी। परीक्षा में उस सेमेस्टर की परीक्षा की योजना के अनुसार सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र (थ्योरी पेपर), प्रयोगशाला प्रायोगिक (लेबोरेटरी प्रैक्टिकल), परियोजना

कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) और वाइवा–वॉयस शामिल होंगे। सेमेस्टर परीक्षा सामान्यतः विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएगी।

10.2 प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में एक पूर्ण परीक्षा होगी, जिसमें सभी सेमेस्टर के थ्योरी पेपर, लेबोरेटरी प्रैक्टिकल और परियोजना कार्य सम्मिलित होंगे।

10.3 परीक्षा की अवधि, 25 कार्य दिवसों से अधिक नहीं होनी चाहिए या माननीय कुलपति द्वारा तय किये गए अनुसार।

10.4 किसी विशेष सेमेस्टर में उपस्थिति की कमी के कारण रोके गए उम्मीदवार को, नियमित उम्मीदवार के रूप में उसी सेमेस्टर को दुबारा करना होगा।

10.5 यदि उम्मीदवार सेमेस्टर के कोर्स में कम से कम 40 प्रतिशत कोर्स में अर्हता प्राप्त करता है तो उसे अगले सेमेस्टर में पदोन्नत किया जाएगा। एक असफल उम्मीदवार संबंधित भाग में या पूरी परीक्षा में, जैसा भी मामला हो, बाद की परीक्षाओं में एटी/केटी छात्र के रूप में दोबारा उपस्थित हो सकता है।

10.6 अंतिम सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी परीक्षा प्रारंभ होने से 15 दिन पहले या विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार घोषित की जानी चाहिए।

10.7 तैयारी अवकाश – प्रत्येक सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा से पूर्व या सीवीआरयू द्वारा प्रकाशित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार केवल लगभग 10 दिनों का तैयारी अवकाश दी जायेगी।

10.8 अग्रनयन (कैरीओवर)– किसी उम्मीदवार को उच्च सेमेस्टर में एक सेमेस्टर के सभी कोर्स, अर्थात् थ्योरी और प्रेक्टिकल को अग्रनयन करने की अनुमति दी जाएगी, उसे केवल उन कोर्सेस (थ्योरी और प्रेक्टिकल) में आगामी ईएसई उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसमें उसे डब्ल्यूएच या एफएफ ग्रेड प्रदान किया गया था।

10.9 यदि कोई उम्मीदवार किसी एक या अधिक टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में अनुत्तीर्ण हो रहा है, तो वह टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में फिर से उपस्थित होने के लिए पात्र होगा।

10.10 परीक्षा की रीति, परिस्थितियों को देखते हुए, (ऑनलाईन/ऑफलाईन) होगी।

10.11 डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा, विश्वविद्यालय के संबंधित प्राधिकारी द्वारा परिभाषित मानदण्ड और प्रक्रिया के अनुसार, समय समय पर, परीक्षा केन्द्रों को अधिसूचित किया जायेगा।

11. क्रेडिट/ग्रेड प्रदान करना और परीक्षा योजना

11.1.1 इकाइयों और समकक्ष क्रेडिट के संदर्भ में इसके अधिभार के साथ–साथ प्रत्येक कोर्स, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित किया जाएगा और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। किसी भी सेमेस्टर के दौरान, केवल स्वीकृत कोर्सेस की पेशकश की जा सकेगी।

(एक) प्रत्येक घटक के लिए अधिभार (वेटेज)/अंकों का वितरण, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

(दो) संबंधित अध्ययन मंडल/परीक्षा मंडल/संकायों द्वारा और अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदित अनुसार, एक छात्र को कोर्स में उसके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ट्यूटोरियल कार्य, प्रैक्टिकल, होम असाइनमेंट, क्लास टेस्ट मिड–सेमेस्टर टेस्ट, फील्ड वर्क, सेमिनार, क्विज़, एंड–सेमेस्टर परीक्षाओं और नियमितता के माध्यम से, जैसा कि प्रस्तावित है, लगातार मूल्यांकन किया जाएगा।

11.1.2 डिग्री प्रदान करने और उच्च सेमेस्टर में पदोन्नत करने के लिए न्यूनतम **संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए)**, 5.0 आवश्यक है।

(एक) कार्यक्रम के किसी विशेष कोर्स को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम आवश्यक ग्रेड ''डी'' है। हालांकि, उम्मीदवार को कोर्स के सैद्धांतिक और व्यावहारिक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं के बाहरी और आंतरिक घटकों में अलग से न्यूनतम ग्रेड ''डी'' अंक प्राप्त करना चाहिए। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए संस्थान के बाहर से एक बाहरी परीक्षक हमेशा मौजूद रहेगा।

(दो) यदि किसी उम्मीदवार ने लागू वर्ष के सभी कोर्सेस को उत्तीर्ण कर लिया है, किन्तु आवश्यकता के अनुसार, न्यूनतम **सीजीपीए, 5.0** प्राप्त करने में असफल रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार को, आगामी परीक्षा (किसी कोर्स के थ्योरी और प्रैक्टिकल को अलग–अलग विषयों के रूप में माना जाएगा।)

में, अधिकतम तीन थ्योरी और प्रैक्टिकल विषयों में पुनः उपस्थित होकर, अपेक्षित ग्रेड पॉइंट में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी ।

(तीन) उपरोक्त खंड (दो) के प्रावधान के अलावा, किसी उम्मीदवार को, उस परीक्षा में डिवीजन/ग्रेड में सुधार के लिए या किसी अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) थ्योरी ब्लॉक

(एक) उपस्थिति, योग्यता और अनुशासन	– 20 प्रतिशत
(दो) क्लास टेस्ट/असाइनमेंट/क्विज (प्रश्नोत्तरी)	– 10 प्रतिशत
(तीन) माइनर (मध्य–सेमेस्टर परीक्षा(एक))	– 20 प्रतिशत
(चार) माइनर (अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा)	– 50 प्रतिशत
कुल	– 100 प्रतिशत

(ख) प्रैक्टिकल ब्लॉक

(एक) लैब कार्य और प्रदर्शन, क्वीज (प्रश्नोत्तरी), असाइनमेंट और उपस्थिति	50 प्रतिशत
(दो) अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा	50 प्रतिशत
कुल	– 100 प्रतिशत

11.1.3 प्रायोगिक प्रशिक्षण और परियोजना कार्य को, प्रायोगिक कोर्स (प्रैक्टिकल कोर्स) के रूप में माना जाएगा।

(एक) प्रत्येक सेमेस्टर में, सामान्यतः एक मध्य–सेमेस्टर परीक्षा और 4 कक्षा परीक्षा (क्लास टेस्ट) होंगे। केवल आकस्मिक मामलों में ही कुलपति के अनुमोदन से परीक्षाओं की संख्या को घटाकर दो किया जा सकता है।

(दो) किसी विद्यार्थी को दिया गया ग्रेड विभिन्न परीक्षाओं, असाइनमेंट, प्रश्नोत्तरी, प्रयोगशाला कार्य, कक्षा कार्य, क्लास टेस्ट, मध्य–सेमेस्टर परीक्षा, अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा में प्रदर्शन और नियमितता के माध्यम से, उसके निरंतर

मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। उपयोग किए जाने वाले ग्रेड और उनके संख्यात्मक समकक्ष, निम्नानुसार हैं:

क्रेडिट आधारित ग्रेडिंग पद्धति

श्रेणी	प्रतिशत अंक श्रेणी	प्रदर्शन का विवरण	ग्रेड पॉइंट
A+	90< Marks ≤ 100	Outstanding	10
A	80< Marks ≤ 90	Excellent	9
B+	70< Marks ≤ 80	Very Good	8
B	60< Marks ≤ 70	Good	7
C+	50< Marks ≤ 60	Average	6
C	40< Marks ≤ 50	Satisfactory	5
D	30< Marks ≤ 40	Marginal	4
F	0 ≤ Marks ≤ 30	Fail	0
I		Incomplete/Absent	0
W		Withdrawal	0

(तीन) सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए) और संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

$$\text{एसजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{एल}}\text{पी}_{\text{आई}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}}}$$

जहाँ $\text{सी}_{\text{आई}}$, एक सेमेस्टर के आई वें कोर्स में दिए जाने वाले क्रेडिट की संख्या है, जिसके लिए एसजीपीए की गणना की जानी है, $\text{पी}_{\text{आई}}$, आई वें कोर्स में अर्जित तत्स्थानी ग्रेड पॉइंट है, जहाँ आई = 1,2,.....एन, उस सेमेस्टर में कोर्सेस की संख्या है।

$$\text{सीजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एसजी}_{\text{जे}}\text{एनसी}_{\text{जे}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एनसी}_{\text{जे}}}$$

जहां एनसी$_{जे}$, *जे* वें सेमेस्टर में दिए गए कुल क्रेडिट की संख्या है, एसजी$_{जे}$, *जे* वें सेमेस्टर में अर्जित एसजीपीए है, जहां *जे* = 1,2.....एम, उस कार्यक्रम में सेमेस्टर की संख्या है।

11.1.4 विशेष कार्यक्रम में अर्जित क्रेडिट होगा

अर्जित क्रेडिट = ग्रेड बिंदु× विशेष कार्यक्रम में दिए गए कुल क्रेडिट

11.1.5 कमी की क्षमा

परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थी के सर्वोत्तम हित के लिए सात अंकों तक की कमी को क्षमा किया जा सकेगा। प्रत्येक सेमेस्टर में एक ही कोर्स के दो से अधिक कोर्सेस (थ्योरी और प्रैक्टिकल) में कमी को, (अनुग्रह अंक प्रदान करने के उद्देश्य से) दो अलग–अलग कोर्सेस के रूप में माना जाएगा।

(एक) कुलपति की अनुमति से दो अंक से, अनुत्तीर्ण/विशिष्ट योग्य अंक पाने से /प्रथम श्रेणी पाने से, चूकने वाले अभ्यर्थी को, दो अनुग्रह अंक दिया जाएगा।

11.1.6 डिविजन प्रदान करना

निम्नलिखित विवरण के अनुसार सभी चार वर्षों के लिए उम्मीदवार के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर अंतिम सेमेस्टर और अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा के बाद ही डिवीजन प्रदान किया जाएगा।

सीजीपीए स्कोर	डिविजन
7.5 ≤सीजीपीए	सम्मान के साथ प्रथम श्रेणी
6.5 ≤सीजीपीए<7.5	प्रथम श्रेणी
5.0 ≤सीजीपीए<6.5	द्वितीय श्रेणी
सीजीपीए <5.0	असफल

11.1.7 किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम में दिए गए ग्रेड से, समकक्ष प्रतिशत में परिवर्तन, निम्नलिखित प्रयोज्य सूत्र के अनुसार होगा।

$$\text{अभिप्राप्त प्रतिशत अंक} = \frac{\text{सीजीपीए}^{\text{अभिप्राप्त}} \times 100}{10}$$

11.2 प्रतिलेख

कार्यक्रम के पूरा होने के बाद किसी भी विद्यार्थी को जारी किए गए प्रतिलेख में, विद्यार्थी द्वारा लिए गए सभी कार्यक्रमों, प्राप्त ग्रेड और कक्षा या प्राप्त डिविजन के साथ अंतिम सीपीआई का समेकित अभिलेख (रिकॉर्ड) होगा।

12 अंकों की पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन

12.1 पुनर्गणना :

12.1.1 कोई भी उम्मीदवार, जो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुआ है, किसी एक या दो या तीन थ्योरी प्रश्नपत्रों के अंकों के पुनर्गणना के लिए सीवीआरयू में आवेदन कर सकता है।

12.1.2 ऐसे आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्रों पर, परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, उस संस्थान के संबंधित प्राचार्यों, जहां उम्मीदवार अध्ययन कर रहा है, को किए जाने चाहिए।

12.1.3 पुनर्गणना का कार्य अर्थात् पुनर्गणना में उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच शामिल नहीं है। यह, यह देखने के लिए किया जाता है कि क्या वैयक्तिक उत्तरों को दिए गए अंकों के योग में, या किसी उत्तर को दिए गए अंकों को छोड़ने वाली, कोई गलती हुई है।

12.2 पुनर्मूल्यांकन :

12.2.1 उम्मीदवार, अपनी मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए, अधिकतम दो थ्योरी प्रश्नपत्रों हेतु, आवेदन कर सकता है।

12.2.2 ऐसा आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र पर, परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए।

12.2.3 यदि पुनर्मूल्यांकन पर मूल रूप से प्रकाशित परिणाम में त्रुटि का पता चलता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सुधार को अधिसूचित किया जाएगा। अन्य सभी मामलों में, परिणाम, उम्मीदवार को संसूचित किया जाएगा।

12.3 प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) के मामले में, किसी भी पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13 मेरिट सूचीः

13.1 प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण घोषित किए गए उम्मीदवारों में से प्रत्येक शाखा में प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में मेरिट के क्रम में शीर्ष 5 उम्मीदवारों की मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

13.2 सभी तीन/चार वर्षों के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर, ग्रामीण प्रौद्योगिकी में स्नातक कार्यक्रम के लिए छठवें/आठवें (अंतिम) सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रमवार अंतिम मेरिट सूची घोषित की जाएगी। मेरिट सूची में पहले प्रयास में प्रथम श्रेणी अभिप्राप्त करने वाले पहले 3 उम्मीदवार शामिल होंगे।

13.3 पुनर्मूल्यांकन परिणाम, यदि कोई हो, की घोषणा के बाद मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

14. निर्वचन :

इस अध्यादेश के निर्वचन के विषय में संदेह, विवाद या अस्पष्टता के मामले में, कुलपति का विनिश्चय, अंतिम और संबंधित विद्यार्थियों/उम्मीदवारों/पक्षकारों के लिए बाध्यकारी होगा।

डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

अध्यादेश क्र. 138

स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम

1. सामान्य :

यह अध्यादेश, डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के अनुमोदित संकायों और संबंधित विभाग के अंतर्गत इस विश्वविद्यालय द्वारा प्रस्तावित तद्नुसार 3/6 माह के प्रमाणपत्र या 1 वर्षीय स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम पर लागू होगा। विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर प्रस्तावित किया जाने वाला नया डिप्लोमा कार्यक्रम भी, इन अध्यादेशों द्वारा शासित होंगे।

यह अध्यादेश इस अध्यादेश की प्रभावी तिथि से पिछले किसी भी संबंधित अध्यादेशों का अनुपूरक होगा न कि उन अध्यादेशों को निष्प्रभावी करेगा।

यदि कार्यक्रम के संचालन के दौरान विश्वविद्यालय के शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुशंसित मानदंड या नियम एवं विनियम में कतिपय विकल्पों की अपेक्षा हो, तो कुलपति का विनिश्चय अंतिम होगा।

2. पात्रता –

2.1 इस विशेष पाठ्यक्रम के लिए आवेदन करने के लिए, पात्रता मानदंड यह है कि छात्र को 10+2 उत्तीर्ण होना चाहिए या किसी मान्यता प्राप्त राज्य या केंद्रीय बोर्ड से कोई अन्य समकक्ष योग्यता होनी चाहिए या यूजीसी/राज्य सरकार द्वारा जैसा भी निर्धारित हो।

2.2 जिस उम्मीदवार ने 10+2 के बाद उसी विषय में 6 महीने के सर्टिफिकेट कोर्स को मान्यता दी है, वह सीधे सेमेस्टर II (बहु प्रवेश और निकास) में प्रवेश लेने के लिए पात्र है।

2.3 प्रवेश उन छात्रों को प्राथमिकता के आधार पर दिया जाएगा, जिन्होंने अपने स्कूल/कॉलेज/विश्वविद्यालय/जिला/राज्य, राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता/कार्यक्रम या किसी अन्य समकक्ष मान्यता प्राप्त प्रतियोगिता/कार्यक्रम में भाग लिया हो और उसका प्रतिनिधित्व किया हो। एनसीसी/एनएसएस/राष्ट्रीय स्तर के खेल आयोजन में भागीदारी/राष्ट्रीय

वीरता पुरस्कार/किसी भी मान्यता प्राप्त संगठन से कोई अन्य वैध समकक्ष प्रमाण पत्र/पुरस्कार धारक हो।

3. प्रवेश :

3.1 विश्वविद्यालय, प्रत्येक चक्र की प्रारंभ होने से पहले समाचार पत्रों में, विश्वविद्यालय के सूचना पटल और अन्य प्रचार मीडिया में प्रवेश अधिसूचना जारी करेगा।

3.2 इस कार्यक्रम में, या तो योग्यता के आधार पर (जो कि विश्वविद्यालय द्वारा परिभाषित किया जायेगा) योग्यता परीक्षा में, या इस उद्देश्य के लिए आयोजित लिखित प्रवेश परीक्षा में, जैसा और जब आवश्यक हो, प्रवेश दिया जाएगा।

3.3 प्रवेश के लिए चयनित उम्मीदवारों की सूची विभागीय नोटिस बोर्ड, वेबसाइट पर प्रदर्शित की जाएगी/या छात्रों को उनके प्रवेश के बारे में सीधे सूचित किया जाएगा।

3.4 उम्मीदवार, जिनके परिणाम प्रतीक्षित हैं, वे भी आवेदन कर सकेंगे। तथापि, ऐसे उम्मीदवारों को कटऑफ तिथि से पहले अपेक्षित पात्रता मानदंड के प्रमाण के रूप में मार्क शीट/डिग्री प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा, प्रस्तुत करने में विफल रहने पर, प्रदान की गई अनंतिम प्रवेश रद्द कर दिया जायेगा।

3.5 निम्नलिखित में से किसी भी कारण से आवेदन पत्र को अस्वीकार किया जा सकता है:

3.5.1 उम्मीदवार, पात्रता शर्तों को पूरा नहीं करते हों।

3.5.2 फीस संलग्न नहीं हो।

3.5.3 जहां कहीं आवश्यक हो, आवेदन पत्र पर उम्मीदवार और उसके माता–पिता अभिभावक द्वारा हस्ताक्षर नहीं किए गये हों।

3.6 सभी आवश्यक दस्तावेजों और आवश्यक शुल्क के सत्यापन और जमा करने के बाद विश्वविद्यालय द्वारा विद्यार्थियों को पंजीकरण संख्या दी जाएगी।

3.7 विद्यार्थियों के विभिन्न वर्गों को प्रवेश, संबंधित अध्यादेश के अनुसार दिया जायेगा।

4. सीटें : प्रारंभ में 60 सीटें। विश्वविद्यालय के सक्षम प्राधिकारी की अनुशंसा के अनुमोदन से सीटें बढ़ाई/घटाई जा सकती हैं एवं निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग को सूचित करेगा।

5. **फीस** : कार्यक्रम की फीस विश्वविद्यालय के प्रबंध मंडल (बोर्ड ऑफ मैनेजमेंट) और छत्तीसगढ़ निजी विश्वविद्यालय विनियामक आयोग (सीजीपीयूआरसी) के अनुमोदन से तय की जाएगी।

6. **माध्यम** : शिक्षण और परीक्षा का माध्यम हिंदी/अंग्रेजी/क्षेत्रीय भाषा हो सकता है। कोर्स को, नियमित रूप से पढ़ाया जाएगा। नियमित सैद्धान्तिक (थ्योरी) एवं प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) कक्षाएं, फील्ड वर्क एवं प्रोजेक्ट वर्क संचालित किया जाएगा, जिसमें 75 प्रतिशत उपस्थिति अनिवार्य होगी।

7. **कार्यक्रम की अवधि और संरचना** : डिप्लोमा कार्यक्रमों की संरचना और अवधि को तदनुसार समायोजित किया जाएगा। स्नातक डिप्लोमा, 1 वर्ष की अवधि की होगी, जिसमें इस अवधि के भीतर बहु प्रवेश और बहु निकास (यूजीसी दिशा–निर्देशों के अनुसार) विकल्पों के साथ, उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ, उदाहरण के लिए, 3 माह/6 माह पूरा करने के बाद (तदनुसार अवधि समायोजित की जाएगी), या 1 वर्ष पूरा करने के बाद डिप्लोमा का प्रमाण पत्र शामिल है। तथापि, यह 1–वर्षीय पाठ्यक्रम, पसंदीदा विकल्प होगा, क्योंकि यह विद्यार्थियों की पसंद के अनुसार चुने हुए प्रमुख और गौण पर ध्यान देने के अलावा समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने का अवसर देता है।

8. **स्थानांतरित उम्मीदवार** : किसी अन्य विश्वविद्यालय/संस्थान से स्थानांतरित उम्मीदवार, स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम में प्रवेश के लिए पात्र होंगे, बशर्ते संबंधित शाखा के अध्ययन बोर्ड द्वारा स्वीकृति दी गई हो।

9. **शिक्षण सत्र** :

सामान्य तौर पर प्रत्येक वर्ष, जुलाई–जून शिक्षण सत्र के लिये, प्रथम सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, प्रत्येक वर्ष जुलाई से दिसंबर के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी, और द्वितीय सेमेस्टर का शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान समवर्ती रूप से संचालित होगी।

शैक्षणिक सत्र जनवरी–दिसम्बर के लिए, प्रत्येक वर्ष, प्रथम सेमेस्टर के शिक्षण सत्र, जनवरी से जून के दौरान निरंतर संचालित होगी तथा द्वितीय सेमेस्टर, जुलाई से दिसम्बर के दौरान निरंतर संचालित होगी।

9.1 प्रत्येक सेमेस्टर में मानदण्ड के अनुरूप शिक्षण दिया जायेगा।

9.2 उम्मीदवार, अपने सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ है, की परीक्षा समाप्त होने के बाद उच्च सेमेस्टर कक्षा में अपना अध्ययन अनंतिम रूप से जारी रख सकेगा। तथापि, उसकी पात्रता का मूल्यांकन, खंड 10.5 के अनुसार, सेमेस्टर, जिसमें वह उपस्थित हुआ था, के परिणाम घोषित होने के बाद ही किया जाएगा।

9.3 अधिकतम अवधि– यह स्नातक कार्यक्रम, अधिकतम 3 वर्ष की अवधि का होगा।

9.4 शिक्षण की ईकाई प्रणाली – प्रत्येक कार्यक्रम का पाठ्यक्रम इकाइयों में विभाजित किया जाएगा। सैद्धांतिक (थ्योरी) परीक्षा के प्रश्नपत्रों में, प्रश्नपत्र की संरचना के अनुसार प्रत्येक इकाई से प्रश्न होंगे।

9.5 मापन की ईकाइयाँ– सभी शिक्षण और प्रश्न पत्र सेटिंग, अध्ययन मंडल और परीक्षा मंडल द्वारा तय किए गए अनुसार की जाएंगी।

9.6 शिक्षण की योजना– इस स्नातक पाठ्यक्रम के लिए डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा अधिसूचित अनुसार, कार्यक्रम के साथ साथ विभिन्न सेमेस्टर के लिए शिक्षण और परीक्षा की योजना का अनुपालन किया जायेगा।

9.7 उपस्थिति– किसी भी सेमेस्टर परीक्षा के लिए नियमित विद्यार्थी के रूप में उपस्थित होने वाले उम्मीदवार को, अध्ययन कार्यक्रम के प्रत्येक कोर्स में पृथक–पृथक से आयोजित व्याख्यान (लेक्चर), प्रायोगिक (प्रेक्टिकल), अनुशिक्षण (ट्यूटोरियल) कक्षाओं, परियोजना और फिल्ड कार्य में न्यूनतम 75 प्रतिशत उपस्थिति देना आवश्यक है। 15 प्रतिशत तक की कमी को डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय के कुलपति द्वारा संतोषजनक कारणों से क्षमा किया जा सकेगा।

9.9 असाधारण लंबी अनुपस्थिति– यदि कोई विद्यार्थी, इस विश्वविद्यालय के संबंधित संकाय की शैक्षणिक /पाठ्यक्रम एवं सह–पाठयक्रम गतिविधियों में, लगातार 6 माह से अधिक समयावधि तक, भाग नहीं लेता है, तो उसे न तो बाद की किसी भी परीक्षा में उपस्थित होने की अनुमति दी जाएगी और न ही उसे किसी सेमेस्टर में प्रवेश दिया जाएगा या न ही पदोन्नत किया जायेगा, तथा वह इस विश्वविद्यालय के साथ–साथ स्नातक कार्यक्रम का विद्यार्थी नहीं रहेगा। यहाँ शैक्षणिक गतिविधि में भाग लेने से अभिप्रेत है, नियमित विद्यार्थी

होने के लिए व्याख्यान, अनुशिक्षण, प्रायोगिक में उपस्थित होना, मुख्य या बैकलॉग परीक्षा में शामिल होना आदि। चिकित्सा आधार पर परिसर से अनुपस्थिति, 3 महीने से अधिक अवधि के अंतराल पर या माननीय कुलपति द्वारा तय किए गए अनुसार अवकाश आवेदनों के साथ समर्थित होना चाहिए।

10. परीक्षाएं :

10.1 सीवीआरयू द्वारा आयोजित प्रत्येक सेमेस्टर में अंतिम सेमेस्टर परीक्षा (ईएसई) होगी। परीक्षा में उस सेमेस्टर की परीक्षा की योजना के अनुसार सैद्धान्तिक प्रश्नपत्र (थ्योरी पेपर), प्रयोगशाला प्रायोगिक (लेबोरेटरी प्रैक्टिकल), परियोजना कार्य (प्रोजेक्ट वर्क) और वाइवा–वॉयस शामिल होंगे। सेमेस्टर परीक्षा सामान्यतः विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार आयोजित की जाएगी।

10.2 प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में एक पूर्ण परीक्षा होगी, जिसमें सभी सेमेस्टर के थ्योरी पेपर, लेबोरेटरी प्रैक्टिकल और परियोजना कार्य सम्मिलित होंगे।

10.3 परीक्षा की अवधि, 25 कार्य दिवसों से अधिक नहीं होनी चाहिए या माननीय कुलपति द्वारा तय किये गए अनुसार।

10.4 किसी विशेष सेमेस्टर में उपस्थिति की कमी के कारण रोके गए उम्मीदवार को, नियमित उम्मीदवार के रूप में उसी सेमेस्टर को दुबारा करना होगा।

10.5 यदि उम्मीदवार सेमेस्टर के कोर्स में कम से कम 40 प्रतिशत कोर्स में अर्हता प्राप्त करता है तो उसे अगले सेमेस्टर में पदोन्नत किया जाएगा। एक असफल उम्मीदवार संबंधित भाग में या पूरी परीक्षा में, जैसा भी मामला हो, बाद की परीक्षाओं में एटी/केटी छात्र के रूप में दोबारा उपस्थित हो सकता है।

10.6 अंतिम सेमेस्टर परीक्षा की समय सारणी परीक्षा प्रारंभ होने से 15 दिन पहले या विश्वविद्यालय द्वारा प्रकाशित शैक्षणिक कैलेंडर के अनुसार घोषित की जानी चाहिए।

10.7 तैयारी अवकाश – प्रत्येक सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा से पूर्व या सीवीआरयू द्वारा प्रकाशित अकादमिक कैलेंडर के अनुसार केवल लगभग 10 दिनों का तैयारी अवकाश दी जायेगी।

10.8 अग्रनयन (कैरीओवर)– किसी उम्मीदवार को उच्च सेमेस्टर में एक सेमेस्टर के सभी कोर्स, अर्थात् थ्योरी और प्रेक्टिकल को अग्रनयन करने की अनुमति दी

जाएगी, उसे केवल उन कोर्सेस (थ्योरी और प्रेक्टिकल) में आगामी ईएसई उत्तीर्ण करना आवश्यक होगा, जिसमें उसे डब्ल्यूएच या एफएफ ग्रेड प्रदान किया गया था।

10.9 यदि कोई उम्मीदवार किसी एक या अधिक टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में अनुत्तीर्ण हो रहा है, तो वह टीए (शिक्षक मूल्यांकन) में फिर से उपस्थित होने के लिए पात्र होगा।

10.10 परीक्षा की रीति, परिस्थितियों को देखते हुए, (ऑनलाईन/ऑफलाईन) होगी।

10.11 डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय द्वारा, विश्वविद्यालय के संबंधित प्राधिकारी द्वारा परिभाषित मानदण्ड और प्रकिया के अनुसार, समय समय पर, परीक्षा केन्द्रों को अधिसूचित किया जायेगा।

11. क्रेडिट/ग्रेड प्रदान करना और परीक्षा योजना

11.1.1 इकाइयों और समकक्ष क्रेडिट के संदर्भ में इसके अधिभार के साथ–साथ प्रत्येक कोर्स, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित किया जाएगा और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जाएगा। किसी भी सेमेस्टर के दौरान, केवल स्वीकृत कोर्सेस की पेशकश की जा सकेगी।

(एक) प्रत्येक घटक के लिए अधिभार (वेटेज)/अंकों का वितरण, अध्ययन/संकाय के संबंधित बोर्ड द्वारा अनुशंसित और शैक्षणिक परिषद द्वारा अनुमोदित किया जायेगा।

(दो) संबंधित अध्ययन मंडल/परीक्षा मंडल/संकायों द्वारा और अकादमिक परिषद द्वारा अनुमोदित अनुसार, एक छात्र को कोर्स में उसके शैक्षणिक प्रदर्शन के लिए ट्यूटोरियल कार्य, प्रैक्टिकल, होम असाइनमेंट, क्लास टेस्ट मिड–सेमेस्टर टेस्ट, फील्ड वर्क, सेमिनार, क्विज़, एंड–सेमेस्टर परीक्षाओं और नियमितता के माध्यम से, जैसा कि प्रस्तावित है, लगातार मूल्यांकन किया जाएगा।

11.1.2 डिग्री प्रदान करने और उच्च सेमेस्टर में पदोन्नत करने के लिए न्यूनतम **संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए)**, 5.0 आवश्यक है।

(एक) कार्यक्रम के किसी विशेष कोर्स को उत्तीर्ण करने के लिए न्यूनतम आवश्यक ग्रेड "डी" है। हालांकि, उम्मीदवार को कोर्स के सैद्धांतिक

और व्यावहारिक की अंतिम सेमेस्टर परीक्षाओं के बाहरी और आंतरिक घटकों में अलग से न्यूनतम ग्रेड "डी" अंक प्राप्त करना चाहिए। प्रायोगिक परीक्षाओं के लिए संस्थान के बाहर से एक बाहरी परीक्षक हमेशा मौजूद रहेगा।

(दो) यदि किसी उम्मीदवार ने लागू वर्ष के सभी कोर्सेस को उत्तीर्ण कर लिया है, किन्तु आवश्यकता के अनुसार, न्यूनतम **सीजीपीए, 5.0** प्राप्त करने में असफल रहा है, तो ऐसे उम्मीदवार को, आगामी परीक्षा (किसी कोर्स के थ्योरी और प्रैक्टिकल को अलग–अलग विषयों के रूप में माना जाएगा।) में, **अधिकतम तीन थ्योरी और प्रैक्टिकल विषयों** में पुनः उपस्थित होकर, अपेक्षित ग्रेड पॉइंट में सुधार करने की अनुमति दी जाएगी ।

(तीन) उपरोक्त खंड (दो) के प्रावधान के अलावा, किसी उम्मीदवार को, उस परीक्षा में डिवीजन/ग्रेड में सुधार के लिए या किसी अन्य उद्देश्य के लिए पुनः उपस्थित होने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

(क) थ्योरी ब्लॉक

(एक) उपस्थिति, योग्यता और अनुशासन – 20 प्रतिशत

(दो) क्लास टेस्ट/असाइनमेंट/क्विज (प्रश्नोत्तरी) – 10 प्रतिशत

(तीन) माइनर (मध्य–सेमेस्टर परीक्षा(एक)) – 20 प्रतिशत

(चार) माइनर (अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा) – 50 प्रतिशत

कुल – 100 प्रतिशत

(ख) प्रैक्टिकल ब्लॉक

(एक) लैब कार्य और प्रदर्शन, क्वीज (प्रश्नोत्तरी), असाइनमेंट और उपस्थिति 50 प्रतिशत

(दो) अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा 50 प्रतिशत

कुल – 100 प्रतिशत

11.1.3 प्रायोगिक प्रशिक्षण और परियोजना कार्य को, प्रायोगिक कोर्स (प्रैक्टिकल कोर्स) के रूप में माना जाएगा।

(एक) प्रत्येक सेमेस्टर में, सामान्यतः एक मध्य–सेमेस्टर परीक्षा और 4 कक्षा परीक्षा (क्लास टेस्ट) होंगे। केवल आकस्मिक मामलों में ही कुलपति के अनुमोदन से परीक्षाओं की संख्या को घटाकर दो किया जा सकता है।

(दो) किसी विद्यार्थी को दिया गया ग्रेड विभिन्न परीक्षाओं, असाइनमेंट, प्रश्नोत्तरी, प्रयोगशाला कार्य, कक्षा कार्य, क्लास टेस्ट, मध्य–सेमेस्टर परीक्षा, अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा में प्रदर्शन और नियमितता के माध्यम से, उसके निरंतर मूल्यांकन पर निर्भर करेगा। उपयोग किए जाने वाले ग्रेड और उनके संख्यात्मक समकक्ष, निम्नानुसार हैं:

क्रेडिट आधारित ग्रेडिंग पद्धति

श्रेणी	प्रतिशत अंक श्रेणी	प्रदर्शन का विवरण	ग्रेड पॉइंट
A+	90< Marks ≤ 100	Outstanding	10
A	80< Marks ≤ 90	Excellent	9
B+	70< Marks ≤ 80	Very Good	8
B	60< Marks ≤ 70	Good	7
C+	50< Marks ≤ 60	Average	6
C	40< Marks ≤ 50	Satisfactory	5
D	30< Marks ≤ 40	Marginal	4
F	0 ≤ Marks ≤ 30	Fail	0
I		Incomplete/Absent	0
W		Withdrawal	0

(तीन) सेमेस्टर ग्रेड पॉइंट औसत (एसजीपीए) और संचयी ग्रेड पॉइंट औसत (सीजीपीए) की गणना निम्नानुसार की जाएगी:

$$\text{एसजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई=एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}} \text{पी}_{\text{आई}}}{\sum_{\text{आई=एल}}^{\text{एन}} \text{सी}_{\text{आई}}}$$

जहाँ सी$_{आई}$, एक सेमेस्टर के आई वें कोर्स में दिए जाने वाले क्रेडिट की संख्या है, जिसके लिए एसजीपीए की गणना की जानी है, पी$_{आई}$, आई वें कोर्स में अर्जित तत्स्थानी ग्रेड पॉइंट है, जहाँ आई = 1,2,.....एन, उस सेमेस्टर में कोर्सेस की संख्या है।

$$\text{सीजीपीए} = \frac{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एसजी}_{\text{जे}} \text{एनसी}_{\text{जे}}}{\sum_{\text{आई}=\text{एल}}^{\text{एन}} \text{एनसी}_{\text{जे}}}$$

जहां एनसी$_{जे}$, *जे* वें सेमेस्टर में दिए गए कुल क्रेडिट की संख्या है, एसजी$_{जे}$, *जे* वें सेमेस्टर में अर्जित एसजीपीए है, जहां *जे* = 1,2.....एम, उस कार्यक्रम में सेमेस्टर की संख्या है।

11.1.4 विशेष कार्यक्रम में अर्जित क्रेडिट होगा

अर्जित क्रेडिट = ग्रेड बिंदु× विशेष कार्यक्रम में दिए गए कुल क्रेडिट

11.1.5 कमी की क्षमा

परीक्षा उत्तीर्ण करने के लिए विद्यार्थी के सर्वोत्तम हित के लिए सात अंकों तक की कमी को क्षमा किया जा सकेगा। प्रत्येक सेमेस्टर में एक ही कोर्स के दो से अधिक कोर्सेस (थ्योरी और प्रैक्टिकल) में कमी को, (अनुग्रह अंक प्रदान करने के उद्देश्य से) दो अलग–अलग कोर्सेस के रूप में माना जाएगा।

(एक) कुलपति की अनुमति से दो अंक से, अनुत्तीर्ण/विशिष्ट योग्य अंक पाने से /प्रथम श्रेणी पाने से, चूकने वाले अभ्यर्थी को, दो अनुग्रह अंक दिया जाएगा।

11.1.6 डिविजन प्रदान करना

निम्नलिखित विवरण के अनुसार सभी दो सेमेस्टर के लिए उम्मीदवार के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर अंतिम सेमेस्टर और अंतिम–सेमेस्टर परीक्षा के बाद ही डिवीजन प्रदान किया जाएगा।

सीजीपीए स्कोर	डिविजन
7.5 ≤सीजीपीए	सम्मान के साथ प्रथम श्रेणी
6.5 ≤सीजीपीए<7.5	प्रथम श्रेणी

5.0 ≤सीजीपीए<6.5	द्वितीय श्रेणी
सीजीपीए <5.0	असफल

11.1.7 किसी भी शैक्षणिक कार्यक्रम में दिए गए ग्रेड से, समकक्ष प्रतिशत में परिवर्तन, निम्नलिखित प्रयोज्य सूत्र के अनुसार होगा।

$$\text{अभिप्राप्त प्रतिशत अंक} = \frac{\text{अभिप्राप्त सीजीपीए} \times 100}{10}$$

11.2 प्रतिलेख

कार्यक्रम के पूरा होने के बाद किसी भी विद्यार्थी को जारी किए गए प्रतिलेख में, विद्यार्थी द्वारा लिए गए सभी कार्यक्रमों, प्राप्त ग्रेड और कक्षा या प्राप्त डिविजन के साथ अंतिम सीपीआई का समेकित अभिलेख (रिकॉर्ड) होगा।

12 अंकों की पुनर्गणना और पुनर्मूल्यांकन

12.1 पुनर्गणना :

12.1.1 कोई भी उम्मीदवार, जो विश्वविद्यालय द्वारा आयोजित परीक्षा में उपस्थित हुआ है, किसी एक या दो या तीन थ्योरी प्रश्नपत्रों के अंकों के पुनर्गणना के लिए सीवीआरयू में आवेदन कर सकता है।

12.1.2 ऐसे आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्रों पर, परिणाम घोषित होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर, उस संस्थान के संबंधित प्राचार्यों, जहां उम्मीदवार अध्ययन कर रहा है, को किए जाने चाहिए।

12.1.3 पुनर्गणना का कार्य अर्थात् पुनर्गणना में उत्तर पुस्तिकाओं की पुनः जांच शामिल नहीं है। यह, यह देखने के लिए किया जाता है कि क्या वैयक्तिक उत्तरों को दिए गए अंकों के योग में, या किसी उत्तर को दिए गए अंकों को छोड़ने वाली, कोई गलती हुई है।

12.2 पुनर्मूल्यांकन :

12.2.1 उम्मीदवार, अपनी मुख्य परीक्षा की उत्तरपुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन के लिए, अधिकतम दो थ्योरी प्रश्नपत्रों हेतु, आवेदन कर सकत है।

12.2.2 ऐसा आवेदन, अपेक्षित शुल्क के साथ निर्धारित प्रपत्र पर, परिणाम घोषित होने की तिथि से 15 दिनों के भीतर किया जाना चाहिए।

12.2.3 यदि पुनर्मूल्यांकन पर मूल रूप से प्रकाशित परिणाम में त्रुटि का पता चलता है, तो विश्वविद्यालय द्वारा आवश्यक सुधार को अधिसूचित किया जाएगा। अन्य सभी मामलों में, परिणाम, उम्मीदवार को संसूचित किया जाएगा।

12.3 प्रायोगिक (प्रैक्टिकल) के मामले में, किसी भी पुनर्गणना या पुनर्मूल्यांकन की अनुमति नहीं दी जाएगी।

13 मेरिट सूचीः

13.1 प्रथम प्रयास में उत्तीर्ण घोषित किए गए उम्मीदवारों में से प्रत्येक शाखा में प्रत्येक सेमेस्टर के अंत में मेरिट के क्रम में शीर्ष 5 उम्मीदवारों की मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

13.2 सभी दो वर्षों के एकीकृत प्रदर्शन के आधार पर, स्नातक डिप्लोमा कार्यक्रम के लिए अंतिम सेमेस्टर की मुख्य परीक्षा के बाद ही विश्वविद्यालय द्वारा कार्यक्रमवार अंतिम मेरिट सूची घोषित की जाएगी। मेरिट सूची में पहले प्रयास में प्रथम श्रेणी अभिप्राप्त करने वाले पहले 3 उम्मीदवार शामिल होंगे।

13.3 पुनर्मूल्यांकन परिणाम, यदि कोई हो, की घोषणा के बाद मेरिट सूची घोषित की जाएगी।

14 निर्वचन :

इस अध्यादेश के निर्वचन के विषय में संदेह, विवाद या अस्पष्टता के मामले में, कुलपति का विनिश्चय, अंतिम और संबंधित विद्यार्थियों/उम्मीदवारों/पक्षकारों के लिए बाध्यकारी होगा।

डॉ. सी. व्ही. रमन विश्वविद्यालय

अध्यादेश क्र. 139

बहु प्रवेश और निकास के लिए अध्यादेश

व्यावसायिक और पारंपरिक शिक्षा प्रणाली के बीच गतिशीलता

और स्नातक डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री (सीबीसीएस मोड) के लिए एक साथ

दो शैक्षणिक कार्यक्रम करना

(राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत यूजीसी, नई दिल्ली द्वारा जारी "उच्च शिक्षा संस्थानों में प्रस्तावित शैक्षणिक कार्यक्रमों में बहु प्रवेश (एकाधिक प्रवेश) और निकास के लिए दिशानिर्देश" के अनुसार)

1. शीर्षक और प्रारंभ :

1.1 यह अध्यादेश, स्नातक डिग्री और स्नातकोत्तर डिग्री (सीबीसीएस मोड) के लिए अध्यादेश कहलायेगा।

1.2 शैक्षणिक परिषद के समग्र नियंत्रण के अध्यधीन, पाठयक्रमों का संचालन संबंधित अध्ययन मंडल/डीसीपीएल द्वारा किया जाएगा।

1.3 इस अध्यादेश के प्रावधान, शैक्षणिक सत्र 2024–25 से लागू होंगे।

1.4 इस अध्यादेश के प्रावधान, विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित चार वर्षीय/आठ वर्षीय सेमेस्टर स्नातक पाठ्यक्रमों और अन्य समकक्ष स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों पर लागू होंगे।

1.5 इस अध्यादेश के प्रावधान विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर अधिसूचित तीन वर्षीय/छह सेमेस्टर, चार वर्षीय/आठ सेमेस्टर, पांच वर्षीय/दस सेमेस्टर स्नातक कार्यक्रम और अन्य समान स्नातक/स्नातकोत्तर कार्यक्रमों पर लागू होंगे।

2. सामान्य :

प्रमाण पत्र, डिप्लोमा और डिग्री प्रदान करने के लिए अग्रणी शैक्षणिक मार्ग चुनने के लिए लचीली शिक्षा महत्वपूर्ण है। ऐसे अवसर आते हैं, जब शिक्षार्थियों को विभिन्न कारणों से अपनी शिक्षा बीच में ही छोड़नी पड़ती है। यह अध्यादेश, शिक्षार्थी को प्रमाणन के निचले स्तर के लिए समाधान करने और बीच में बाहर निकलने की स्थिति में शून्य–वर्ष के नुकसान को सुनिश्चित करने के लिए अनम्य सीमाओं को हटाने की अनुमति देगा। लचीली शिक्षा, आजीवन सीखने की सुविधा भी देती है। इन उद्देश्यों को कहीं से भी, कभी भी सीखने के अवसर के साथ–साथ बहु प्रवेश और निकास प्रणाली के सिद्धांत पर प्राप्त किया जा सकता है।

एनईपी–2020, विद्यार्थियों के लिए अपनी पसंद, सुविधा, या आवश्यकता के अनुसार उच्च शिक्षा संस्थान को बदलते हुए अपनी पसंद के विषय (विषयों) को चुनने और सीखने की नई संभावनाएं सृजित करेगा। निर्बाध विद्यार्थी गतिशीलता के लिए मार्ग प्रशस्त करने हेतु, एनईपी–2020 में डिग्री पाठ्यक्रमों की संरचना और अवधि में समायोजन और एक एकेडमिक बैंक ऑफ क्रेडिट्स (एबीसी) की परिकल्पना की गई है, ताकि वितरित और लचीले अध्यापन–शिक्षण को बढ़ावा देने के लिए क्रेडिट मान्यता, क्रेडिट संचय, क्रेडिट अंतरण और क्रेडिट मोचन की औपचारिक प्रणाली के माध्यम से डिग्री देने वाले एचईआई के बीच या उसके भीतर विद्यार्थियों की निर्बाध गतिशीलता सुनिश्चित हो सके।

स्नातक की डिग्री, या तो तीन या चार वर्ष की अवधि की होगी, इस अवधि के भीतर बहु प्रवेश और निकास विकल्पों के साथ, उपयुक्त प्रमाणपत्रों के साथ, उदाहरण के लिए, व्यावसायिक और वृत्तिक क्षेत्रों सहित किसी संकाय या क्षेत्र में एक वर्ष पूरा करने के बाद प्रमाण पत्र; दो वर्ष के अध्ययन के बाद डिप्लोमा; या तीन वर्ष के पाठ्यक्रम के बाद स्नातक की डिग्री। तथापि, चार वर्षीय बहु–विषयक स्नातक पाठ्यक्रम, पसंदीदा विकल्प है, क्योंकि यह, विद्यार्थी की पसंद के अनुसार प्रमुख और गौण विषयों पर ध्यान देने के अलावा समग्र और बहु–विषयक शिक्षा की पूरी श्रृंखला का अनुभव करने का अवसर देता है। यदि विद्यार्थी, विश्वविद्यालय द्वारा यथा विनिर्दिष्ट अध्ययन के प्रमुख क्षेत्र (क्षेत्रों) में एक अनम्य शोध परियोजना को पूरा करता है, तो चार वर्ष का कार्यक्रम भी, आनर्स/शोध (अनुसंधान) के साथ एक डिग्री की ओर अग्रसरित करेगा।

मास्टर कार्यक्रमों के लिए, HEI के पास अलग–अलग डिज़ाइन की पेशकश करने का लचीलापन होगा :

अ. दो साल का कार्यक्रम, जिसमें दूसरा साल उन लोगों के लिए शोध के लिए समर्पित है, जिन्होंने तीन साल का स्नातक कार्यक्रम पूरा कर लिया है।

ब. उन छात्रों के लिए एक साल का मास्टर कार्यक्रम जो अनुसंधान/ऑनर्स के साथ चार साल का स्नातक कार्यक्रम पूरा करेंगे।

राष्ट्रीय शिक्षा नीति–एनईपी 2020 में एक साथ दो शैक्षणिक पाठ्यक्रमों को आगे बढ़ाने की अनुमति देता है, जो औपचारिक और गैर–औपचारिक शिक्षा मोड दोनों को शामिल करते हुए शिक्षण के कई मार्गों को सुविधाजनक बनाने की आवश्यकता पर बल देता है।

3. उद्देश्य :

यह अध्यादेश, निम्नलिखित उद्देश्यों की पूर्ति करेगा :

3.1 अनम्य सीमाओं को हटायेगा और शिक्षार्थियों के लिए नई संभावनाओं को सुगम बनायेगा।

3.2 स्कूल छोड़ने की दर को कम करेगा और जीईआर में सुधार करेगा।

3.3 अध्ययन के विषयों के रचनात्मक संयोजनों की पेशकश करेगा, जो बहु प्रवेश और निकास बिंदु को सक्षम करेगा।

3.4 विषय विशिष्ट विशेषज्ञता के अलावा विद्यार्थियों को पाठ्यक्रम और नए पाठ्यक्रम विकल्पों में लचीलापन प्रदान करेगा।

3.5 स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के विभिन्न डिजाईन पेश करेगा ।

3.6 मूल्यांकन के प्रावधान के साथ–साथ क्रेडिट संचय और अंतरण को सक्षम करेगा और डिग्री प्रदान करने के लिए गैर–औपचारिक और अनौपचारिक शिक्षा का सत्यापन और आजीवन सीखने को प्रोत्साहित करेगा, तथा

3.7 जब शिक्षार्थी, अपने अध्ययन के पाठ्यक्रमों को पुनः प्रारंभ करता है, तो अर्जित क्रेडिट को प्राप्त करने की सुविधा प्रदान करता है।

3.8 कला और विज्ञान के बीच, पाठ्यचर्या और पाठ्येतर गतिविधियों के बीच, व्यावसायिक और शैक्षणिक शाखाओं के बीच, आदि के बीच, कोई अनम्य विभाजन नहीं है, जिससे कि शिक्षण के विभिन्न क्षेत्रों के बीच हानिकारक पदानुक्रम और साइलो को समाप्त किया जा सके।

3.9 व्यक्ति को एक अग्रसरण के स्तर पर अभिरुचि के एक या अधिक विशिष्ट क्षेत्रों का अध्ययन करने में सक्षम बनाना है, और नैतिक चरित्र और संवैधानिक मूल्यों, जिज्ञासा, बौद्धिक वैज्ञानिक स्वभाव, रचनात्मकता, सेवा में उत्साह को भी विकसित करना है।

3.10 विद्यार्थियों को विचारशील, संपूर्ण और रचनात्मक व्यक्ति बनाने के लिए विज्ञान, सामाजिक विज्ञान, कला, मानविकी, भाषाओं के साथ–साथ वृत्तिक, तकनीकी और व्यावसायिक विषयों सहित कई विषयों की पेशकश करना है।

3.11 अधिक सार्थक और संतोषजनक जीवन और कार्य भूमिकाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करना और आर्थिक स्वतंत्रता को सक्षम बनाना है।

4. प्रथम डिग्री के लिए प्रवेश पथ :

4.1 इन कार्यक्रमों में प्रवेश के लिए प्रवेश नियम और दिशानिर्देश विश्वविद्यालय द्वारा समय–समय पर यूजीसी/नियामक निकायों द्वारा प्रदान किए गए दिशानिर्देशों के अनुसार तैयार किए जाएंगे।

4.2 माध्यमिक शिक्षा मंडल छत्तीसगढ़ रायपुर से कक्षा 12 का स्कूल छोड़ने का प्रमाण पत्र या/और राज्य सरकार/विश्वविद्यालय द्वारा मान्यता प्राप्त किसी अन्य बोर्ड से समकक्ष परीक्षा सफलतापूर्वक पूरा करने वाले विद्यार्थी, इन स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए पात्र होंगे ।

4.3 प्रवेश, विश्वविद्यालय/राज्य सरकार द्वारा अधिसूचित मानदंडों के आधार पर संगणित मेरिट पर किया जाएगा, इस संबंध में यूजीसी और अन्य सांविधिक/नियामक निकायों द्वारा जारी दिशा–निर्देशों/मानदंडों को ध्यान में रखते हुए और सरकार द्वारा समय–समय पर जारी आरक्षण नीति को ध्यान में रखते हुए किया जायेगा।

4.4 किसी कार्यक्रम में विद्यार्थियों का नामांकन, विश्वविद्यालय द्वारा आवंटित सीटों तक ही सीमित होगा।

5. स्नातक पाठ्यक्रम के लिए परिचालन विवरण :

5.1 शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में बहु प्रवेश और निकास बिंदुओं को सक्षम करने के लिए, प्रमाणपत्र, डिप्लोमा, डिग्री जैसी योग्यताएं, स्तर 5 से स्तर 10 तक आरोही क्रम में स्तरों की एक श्रृंखला में आयोजित की जाती हैं। स्तर 5, प्रमाण पत्र का प्रतिनिधित्व करता है और स्तर 10, अनुसंधान डिग्री (तालिका–1) का प्रतिनिधित्व करता है। चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम में कई श्रेणियों में पाठ्यक्रम शामिल हो सकते हैं। इनमें से कुछ में शामिल हैं :

- अनुशासनात्मक/अंतःविषय प्रमुख (40–56 क्रेडिट)
- अनुशासनात्मक/अंतःविषय गौण (20–28 क्रेडिट)
- व्यावसायिक अध्ययन (12–18 क्रेडिट)
- क्षेत्र परियोजना/इंटर्नशिप/प्रशिक्षुता/सामुदायिक संलग्नता और सेवा (24– 32 क्रेडिट)।

योग्यता प्रकार और क्रेडिट आवश्यकताएँ, तालिका–1 में दी गई हैं। स्नातक पाठ्यक्रम में प्रवेश करने वाले विद्यार्थियों के लिए प्रवेश और निकास विकल्प निम्नानुसार हैं:

5.2 प्रथम वर्ष

प्रवेश 1 : स्तर 5 के लिए प्रवेश आवश्यकता, ग्रेड 12 के सफल समापन के बाद प्राप्त माध्यमिक विद्यालय छोड़ने का प्रमाणपत्र है। स्नातक की डिग्री के प्रथम वर्ष में प्रवेश के लिए अग्रसरित अध्ययन का पाठ्यक्रम उन लोगों के लिए खुला है, जिन्होंने प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिसमें पाठ्यक्रम (कार्यक्रम) प्रवेश विनियमों में विनिर्दिष्ट शिक्षा के माध्यमिक स्तर पर प्रवेश के विनिर्दिष्ट स्तर शामिल हैं। अध्ययन के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश, आवेदक की स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम आरंभ करने और पूरा करने की क्षमता के दस्तावेजी साक्ष्य (शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित) के मूल्यांकन पर आधारित है ।

निकास 1 : प्रमाणपत्र प्रदान किया जाएगा, जब कोई विद्यार्थी वर्ष 1 (स्तर 5) के अंत में निकास करता है। स्नातक पाठ्यक्रम का प्रथम वर्ष, माध्यमिक शिक्षा पर आधारित होता है और स्नातक प्रमाणपत्र के लिए अर्हता प्राप्त करने के लिए स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के दौरान 36–40 क्रेडिट की आवश्यकता होती है।

5.3 द्वितीय वर्ष :

प्रवेश 2 : स्तर 6 के लिए प्रवेश आवश्यकता, स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (दो सेमेस्टर) को पूरा करने के बाद प्राप्त एक प्रमाण पत्र है। स्नातक की डिग्री के द्वितीय वर्ष के लिए अग्रसरित अध्ययन का पाठ्यक्रम, उन लोगों के लिए खुला है, जिन्होंने प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिसमें पाठ्यक्रम (कार्यक्रम) प्रवेश विनियमों में प्रवेश के विनिर्दिष्ट स्तर शामिल है। अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रवेश, आवेदक की स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम आरंभ करने और पूरा करने की क्षमता के दस्तावेजी साक्ष्य (शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित) के मूल्यांकन पर आधारित है ।

निकास 2 : द्वितीय वर्ष के अंत में, यदि कोई विद्यार्थी निकास करता है, तो एक डिप्लोमा (स्तर 6) प्रदान किया जाएगा। डिप्लोमा के लिए स्तर 5 से 6 तक 72–80 क्रेडिट की आवश्यकता होती है, जिसमें स्तर 6 पर 36–40 क्रेडिट होते हैं।

5.4 तृतीय वर्ष :

प्रवेश 3 : स्तर 7 के लिए प्रवेश आवश्यकता, स्नातक पाठ्यक्रम के द्वितीय वर्ष (चार सेमेस्टर) को पूरा करने के बाद प्राप्त एक प्रमाण पत्र है। स्नातक की डिग्री के लिए अग्रसरित अध्ययन का पाठ्यक्रम, उन लोगों के लिए खुला है, जिन्होंने प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिसमें पाठ्यक्रम (कार्यक्रम) प्रवेश विनियमों में प्रवेश के विनिर्दिष्ट स्तर शामिल है। अध्ययन के स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम में प्रवेश, आवेदक की स्नातक डिग्री पाठ्यक्रम आरंभ करने और पूरा करने की क्षमता के दस्तावेजी साक्ष्य (शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित) के मूल्यांकन पर आधारित है ।

निकास 3 : तीन वर्ष के सफल समापन पर, संबंधित डिग्री (स्तर 7) प्रदान की जाएगी। स्नातक की डिग्री के लिए स्तर 5 से 7 तक 108–120 क्रेडिट की आवश्यकता होती है, जिसमें स्तर 5 पर 36–40 क्रेडिट, स्तर 6 पर 36–40 क्रेडिट और स्तर 7 पर 36–40 क्रेडिट होते हैं।

5.5 चतुर्थ वर्ष :

प्रवेश 4 : शिक्षण के एक विनिर्दिष्ट क्षेत्र में स्नातक की डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च) (स्तर 8) में प्रवेश पाने के इच्छुक व्यक्ति द्वारा सामान्य रूप से संबंधित तीन वर्षीय स्नातक डिग्री (स्तर 7) की सभी आवश्यकताओं को पूरा कर लिया होना चाहिए। तीन वर्षीय स्नातक की डिग्री की आवश्यकताओं को पूरा करने के बाद, 7.5 के न्यूनतम सीजीपीए को पूरा करने वाले उम्मीदवारों को अनुसंधान के साथ स्नातक

की डिग्री को अनुशीलन करने और पूरा करने के लिए स्नातक पाठ्यक्रम के चतुर्थ वर्ष में अध्ययन जारी रखने की अनुमति दी जाएगी ।

निकास 4 : चतुर्थ वर्ष के सफल समापन पर, विद्यार्थी को डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च) प्रदान किया जाएगा। स्नातक की डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च) के लिए स्तर 5 से 8 तक कुल 144–160 क्रेडिट की आवश्यकता होती है, जिसमें स्तर 5 पर 36–40 क्रेडिट, स्तर 6 पर 36–40 क्रेडिट, और स्तर 7 पर 36–40 क्रेडिट और 8 के स्तर पर 36 –40 क्रेडिट होते हैं।

6. स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के लिए प्रवेश पथ :

6.1 • विद्यार्थियों को दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जाएगा, जिसमें द्वितीय वर्ष पूर्ण रूप से उन लोगों के लिए शोध के लिए समर्पित होगा, जिन्होंने तीन वर्ष का स्नातक पाठ्यक्रम पूरा कर लिया है।

• ऑनर्स/रिसर्च के साथ चार वर्षीय स्नातक पाठ्यक्रम पूरा करने वाले विद्यार्थियों को एक वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में प्रवेश दिया जा सकेगा।

• यह, एक एकीकृत पांच वर्षीय स्नातक/स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम हो सकेगा ।

6.2 **प्रवेश 5** : स्तर 9 के लिए प्रवेश आवश्यकता, निम्नानुसार है :

• एक वर्षीय/दो सेमेस्टर स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम के लिए स्नातक डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च)।

• दो वर्षीय/चार सेमेस्टर स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम के लिए स्नातक डिग्री।

• एक वर्षीय/दो सेमेस्टर स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम के लिए स्नातक डिग्री।

स्नातकोत्तर डिग्री और स्नातकोत्तर डिप्लोमा के लिए अग्रसरित अध्ययन के पाठ्यक्रम उन लोगों के लिए खुला है, जिन्होंने प्रवेश आवश्यकताओं को पूरा किया है, जिसमें पाठ्यक्रम प्रवेश विनियमों में प्रवेश के विनिर्दिष्ट स्तर शामिल है। अध्ययन के पाठ्यक्रम में प्रवेश, आवेदक की निरीक्षण के विशेषज्ञ क्षेत्र में स्नातकोत्तर अध्ययन करने की क्षमता के दस्तावेजी साक्ष्य (शैक्षणिक रिकॉर्ड सहित) के मूल्यांकन पर आधारित है।

निकास 5: स्नातकोत्तर पाठ्यक्रमों के लिए, दो वर्षीय स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम में अर्थात् स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष के अंत में, शामिल होने वाले लोगों के लिए केवल एक निकास बिंदु होगा। प्रथम वर्ष के बाद निकास करने वाले विद्यार्थियों को स्नातकोत्तर डिप्लोमा प्रदान किया जाएगा।

6.3 क्रेडिट आवश्यकताएं :

- एक वर्षीय/दो सेमेस्टर स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम, स्नातक की डिग्री ऑनर्स/रिसर्च पर आधारित होता है और उन व्यक्तियों, जिन्होंने ऑनर्स/रिसर्च के साथ स्नातक की डिग्री पूर्ण की है, के लिए 36–40 क्रेडिट की आवश्यकता होती है।
- दो–वर्षीय/चार–सेमेस्टर स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम, स्नातक की डिग्री पर आधारित होता है और पाठ्यक्रम के दोनों वर्षों से कुल 72–80 क्रेडिट की आवश्यकता होती है, जिसमें स्तर 9 पर पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष में 36–40 क्रेडिट और द्वितीय वर्ष में 36–40 क्रेडिट होते हैं।
- एक वर्षीय/दो सेमेस्टर स्नातकोत्तर डिप्लोमा पाठ्यक्रम, स्नातक की डिग्री पर आधारित होता है और स्नातक की डिग्री पूर्ण करने वाले व्यक्तियों के लिए 36–40 क्रेडिट की आवश्यकता होती है।
- विद्यार्थी को केवल विषम सेमेस्टर में प्रवेश/पुनःप्रवेश करने की अनुमति दी जाएगी और सम सेमेस्टर के बाद ही निकास कर सकेंगे। शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में पार्श्व प्रवेशकों के रूप में विभिन्न स्तरों पर पुनःप्रवेश अर्जित क्रेडिट और दक्षता परीक्षण रिकॉर्ड पर आधारित होना चाहिए।
- अर्जित क्रेडिट की वैधता, अधिकतम सात वर्ष की अवधि के लिए होगी, या जैसा कि अकादमिक बैंक ऑफ क्रेडिट एबीसी द्वारा विनिर्दिष्ट किया गया है, के लिए होगी। अर्जित क्रेडिट जमा करने की प्रक्रिया, इसकी शेल्फ लाइफ, क्रेडिट का मोचन, यूजीसी (उच्च शिक्षा में शैक्षणिक बैंक ऑफ क्रेडिट (एबीसी) योजना की स्थापना और संचालन) विनियम, 2021 और समय–समय पर संशोधन के अनुसार होगा।

तालिका–एक

अर्हता के प्रकार तथा क्रेडिट आवश्यकताएं		
स्तर	अर्हता शीर्षक	क्रेडिट आवश्यकताएं
लेवल 5	स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष (दो सेमेस्टर) के बाद निकास करने वालों के लिए, स्नातक प्रमाणपत्र (शिक्षण/संकाय के क्षेत्र में), (पाठ्यक्रम की अवधि : स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष या दो सेमेस्टर)	36–40
लेवल 6	स्नातक पाठ्यक्रम के दो वर्ष (चार सेमेस्टर) के बाद निकास करने वालों के लिए, स्नातक	72–80

	डिप्लोमा (शिक्षण/संकाय के क्षेत्र में), (पाठ्यक्रम की अवधि : स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम दो वर्ष या चार सेमेस्टर)	
लेवल 7	स्नातक की डिग्री (पाठ्यक्रम की अवधि : तीन वर्ष या छः सेमेस्टर)।	108–120
लेवल 8	स्नातक डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च) (पाठ्यक्रम की अवधि : चार वर्ष या आठ सेमेस्टर)।	144–160
लेवल 8	दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष या दो सेमेस्टर को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के बाद निकास करने वालों के लिए, स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पाठ्यक्रम की अवधि : एक वर्ष या दो सेमेस्टर)	36–40
लेवल 9	स्नातकोत्तर डिग्री (पाठ्यक्रम की अवधि : स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद दो वर्ष या चार सेमेस्टर)।	72–80
लेवल 9	स्नातकोत्तर डिग्री (पाठ्यक्रम की अवधि : चार वर्षीय स्नातक डिग्री (ऑनर्स/रिसर्च) प्राप्त करने के बाद एक वर्ष या दो सेमेस्टर)।	36–40
लेवल 10	डॉक्टर की डिग्री	पाठ्यक्रम कार्य और एक थीसिस, प्रकाशित कार्य सहित, के लिये न्यूनतम निर्धारित क्रेडिट

7. सामान्य शिक्षा का कौशल और व्यावसायिक शिक्षा के साथ तुल्यकलन :

7.1 सामान्य शिक्षा को व्यावसायिक और कौशल शिक्षा के साथ समन्वयित करने वाले संभावित मार्गों की रूपरेखा इस प्रकार है :

सामान्य शिक्षा का कौशल एवं व्यावसायिक शिक्षा के तुल्यकलन के लिए फ्रेमवर्क								
मूल्यांकन फ्रेमवर्क	स्तर	केडिट	कौशल	व्यावसायिक एवं तकनीकी	पूर्व अनुभवात्मक	पुनः प्रवेश	शैक्षणिक	सेमेस्टर

					शिक्षण का प्रत्यायन			
प्रत्यायित शिक्षण परिणाम आधारित स्तर	9	72–80	सभी अर्हता, युवाओं के व्यावसायिक विकास के लिए एमओई स्किल असेसमेंट मैट्रिक्स (एमएएसव्हीएवाई) में उल्लिखित प्रावधानों के अनुसार गुणता सुनिश्चित है				स्नातकोत्तर डिग्री (पाठ्यक्रम की अवधि : स्नातक की डिग्री प्राप्त करने के बाद दो वर्ष या चार सेमेस्टर)।	दो वर्ष या चार सेमेस्टर
	9	36–40					स्नातकोत्तर डिग्री (पाठ्यक्रम की अवधि : चार वर्षीय स्नातक की डिग्री आनर्स/रिसर्च प्राप्त करने के बाद एक वर्ष या दो सेमेस्टर)।	एक वर्ष या दो सेमेस्टर)
	9	180–200					एकीकृत स्नातक–स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम	पांच वर्ष या दस सेमेस्टर)
	8	36–40					दो वर्षीय स्नातकोत्तर डिग्री पाठ्यक्रम के प्रथम वर्ष या दो सेमेस्टर को सफलता पूर्वक पूर्ण करने के बाद निकास करने वालों के लिए, स्नातकोत्तर डिप्लोमा (पाठ्यक्रम की अवधि : एक वर्ष या दो सेमेस्टर)	एक वर्ष या दो सेमेस्टर)
	8	144–160					स्नातक डिग्री आनर्स/रिसर्च (पाठ्यक्रम की अवधि : चार वर्ष या आठ सेमेस्टर)।	चार वर्ष या आठ सेमेस्टर)
	7	108–120					स्नातक डिग्री (पाठ्यक्रम की अवधि : तीन वर्ष या छः सेमेस्टर)।	तीन वर्ष या छः सेमेस्टर)
	6	72–80	डिप्लोमा	डिप्लोमा			स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम दो वर्ष (चार सेमेस्टर के बाद निकास करने वालों के लिए, स्नातक डिप्लोमा (शिक्षण/शाखा के क्षेत्र में) (पाठ्यक्रम की अवधि : स्नातक पाठ्यक्रम के प्रथम दो वर्ष या चार सेमेस्टर)	दो वर्ष या चार सेमेस्टर)
	5	36–40	स्कील सर्टिफिकेट	वोकेशनल और ट्रेनिंग सर्टिफिकेट			स्नातक कार्यक्रम के प्रथम वर्ष (दो सेमेस्टर) के बाद बाहर निकलने वालों के लिए स्नातक प्रमाणपत्र	एक वर्ष या (दो सेमेस्टर)

							(सीखने/अनुशासन के क्षेत्र में)। (कार्यक्रम की अवधिः स्नातक कार्यक्रम के दो सेमेस्टर का पहला वर्ष)	

7.2 सामान्य शिक्षा और कौशल शिक्षा घटकों का आकलन :

शैक्षणिक पाठ्यक्रमों में, निर्बाध पार्श्व गतिशीलता के लिए, शिक्षण के परिणामों के आधार पर आकलन किया जायेगा ।

- सामान्य शिक्षा घटक का मूल्यांकन विश्वविद्यालय द्वारा प्रचलित मानकों और प्रक्रियाओं के अनुसार किया जाएगा।

